तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026


देवकीनंदन चौक पर स्थित डिवाइडर पर मवेशियों का जमावड़ा।



## खबर संक्षेप

### इतवारी से मालदा टाउन के बीच चलेगी समर स्पेशल

**बिलासपुर।** दपूमरे नागपुर डिवीजन के नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से मालदा टाउन के बीच एक समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। रेलवे के अनुसार 08871/08872 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से मालदा टाउन और मालदा टाउन से नेताजी सुभाषचंद्र बोस के बीच स्पेशल ट्रेन 3-3 फेरे के लिए चलेगी। 19, 20 और 26 अप्रैल को 08871 नेताजी सुभाषचंद्र बोस से समर स्पेशल 00.30 बजे रवाना होकर डोंगरगढ़, राजनांदगांव, रायपुर से बिलासपुर सुबह 10.15 बजे होकर झारसुगुड़ा, राउरकेला, टाटानगर, न्यू फरक्का जंक्शन होते हुए 8.00 बजे मालदा टाउन और वापसी में 08872 मालदा टाउन से ट्रेन 20, 21, 27 अप्रैल को 12.55 बजे रवाना होकर बिलासपुर 9.20 बजे होते हुए 17.00 बजे इतवारी स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन में दिव्यांग अनुकूल सह गार्ड के दो कोच, चार सामान्य कोच, 10 शयनयान, 4 तृतीय श्रेणी वातानुकूलित सहित आईसीएफ कोच उपलब्ध रहेंगे।

### समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**बिलासपुर।** कृषि विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2026 अंतर्गत किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि कल्चर एवं कृषि यंत्र उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष प्रतिदिन सवेरे 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक संचालित रहेगा। बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि एवं कृषि आदान सामग्री से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए किसान नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकेंगे। उप संचालक कृषि पीडी हथेश्वर ने बताया कि किसानों से प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07752-470814 है। नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए नोडल अधिकारी के रूप में अनिल कुमार शुक्ला को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सहायक अधिकारियों में प्रतिभा पाण्डेय (कीटनाशक), विजय धीवर (कल्चर), उमेश कुमार कश्यप (उर्वरक) और प्रेमराज शर्मा (बीज) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक सहायक कर्मचारी सहोरीक को भी तैनात किया गया है।

### वारंटी सहित तीन दर्जन से अधिक लोग पकड़े गए

**बिलासपुर।** पुलिस ने शराब पीते, शराब पीकर गाड़ी चलाते व फरार वारंटी सहित दो दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। एक बार फिर पुलिस ने गुण्डा बदमाश व अड्डेबाजों में दबिश देकर धरपकड़ शुरू कर दी है। सिरगिट्टी पुलिस ने 10 फरार वारंटी, 1 अवैध शराब बेचने वाले, 1 चोरी की नीयत से घूमने वाले, 1 शराब पीकर गाड़ी चलाते, 1 युवक पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। इसी तरह चकरभाठा पुलिस ने विवाद कर अशांति फैलाने वाले बोड़सरा के 5 युवकों को पकड़कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। सीपत पुलिस ने 3 स्थाई व 13 फरार वारंटियों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है।

### नालियों की सफाई बंद मच्छरों का प्रकोप

**बिलासपुर।** शहर में इन दिनों गली मोहल्लों में नालियों की सफाई बंद है, इसका सीधा असर मच्छरों के प्रकोप के तौर पर लोगों को बीमार कर रहा है। साथ ही नगर निगम द्वारा फॉगिंग की व्यवस्था भी ठप पड़ चुकी है। खास बात यह है कि कई वार्ड में सफाई कर्मियों की कमी बनी हुई है। यही कारण है कि नालियों की सफाई नहीं हो रही है और जहां सफाई कर्मी मौजूद है, वे पार्षदों के कार्यालय और घरों के काम में व्यस्त रहते है। जिसके चलते सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे से है। कुम्हारपारा, करबला में सफाई कर्मियों की कमी है।



### चौड़ी सड़क पर संकरा पुल हादसों को आमंत्रण

**बिलासपुर।** उसलापुर से सकरी जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण करते हुए इसका डामरीकरण कर चकाचक तो कर दिया गया, लेकिन इस बीच पड़ने वाले गोकने नाला में बनाया गया संकरा पुल अब तक उसी स्थिति में छोड़ दिया गया है। ऐसे में आवागमन करने वाले वाहनचालकों को विशेषकर रात में सड़क की तरह पुल के भी चौड़ा होने की गलतफहमी में गंभीर हादसों का डर बना रहता है। सकरी से उसलापुर की ओर आने के दौरान एवं उसलापुर से सकरी की ओर जाने के दौरान चूंकि सड़क पर्याप्त चौड़ी की जा चुकी है, जिससे वाहन चालकों को पुल की भी चौड़ाई सड़क की चौड़ाई के ही अनुरूप होने की गलतफहमी हो जाती है, जबकि ऐसा नहीं है। सड़क की तुलना में पुल की चौड़ाई काफी कम है। ऐसे में वाहन चालकों का पुल से नीचे गिरने या पुल से टकराने का भय बना रहता है। शहर के लोगों को तो पुल की चौड़ाई कम होने की जानकारी है, जिससे वे इस मार्ग में अंदाज से वाहन चलाकर सुरक्षित निकल जाते हैं, लेकिन शहर से बाहर के लोगों के साथ आवागमन के दौरान यहां गंभीर हादसे हो सकते हैं।

### सबस्टेशन से निकलने वाली 33 केवी लाइनों की आपूर्ति बाधित

# मोपका 220 केवी सबस्टेशन से बिजली बंद, 2 दर्जन क्षेत्रों में होगी सप्लाई ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी अपने पूरे शबाब पर है और बिजली विभाग लगातार मेंटनेंस के लिए बंद का शटडाउन ले रहा है। सोमवार को मोपका 220 केवी सबस्टेशन में रखरखाव व मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसके चलते सुबह 9 बजे से 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

■ 3 जोन में सुबह 9 से 3 बजे तक चलेगा मेंटनेंस

मोपका 220/ 132 केवी सबस्टेशन से शहर के कई छोटे सबस्टेशन तक सप्लाई आती है। जाहिर है मोपका सबस्टेशन से बिजली बंद होने पर 33 व 11 केवी के सबस्टेशन में भी बिजली बंद होगी। इस दौरान सुबह 9 बजे से बिजली बंद की जाएगी, जिसके चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। खास बात यह है कि बसंत विहार, लिंक रोड, सिरगिट्टी जोन प्रभावित रहेगी, सबस्टेशन की सप्लाई आधे शहर तक पहुंचती है, बिजली बंद होने के कारण लोगों को पीने के पानी की समस्या हो सकती है। इस दौरान मोपका, आरके नगर, गीताजंली सिटी, लिंगियाडही, बसंत विहार, साइंस कालेज, मधुबन, सिलपहरी जैसे सबस्टेशन ठप पड़ जाएंगे।



#### औद्योगिक क्षेत्र भी अछूता नहीं

खास बात यह है कि मोपका सबस्टेशन से सिरगिट्टी और सिलपहरी जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली सप्लाई की जाती है। इस दौरान सिरपहरी औद्योगिक क्षेत्रों में आपूर्ति ठप रहेगी। साथ ही बसिया कोरमी, भंगाड़ा, नगपुरा, हरदीकला, मानिकपुर, सिलपहरी, धुमा जैसे गांवों में भी सप्लाई नहीं होगी।

#### 11 केवी सबस्टेशन से सप्लाई बाधित

मोपका के 220/132 केवी के सबस्टेशन से सप्लाई बंद होने के बाद 11केवी फीडर की सप्लाई बाधित रहेगी। 11 केवी महावीर सिटी, शिवम सिटी, आरके नगर, गार्डन सिटी, देवरीखुर्द, गीताजंली सिटी, चिंगराजपारा, लिंगियाडीह, राजीव विहार, दूरदर्श, बसंत विहार, साइंस कालेज अरपा रपाट, विजयापुरम, सोनगंगा, गांधी चौक, कतियापारा, नारियल कोठी 11 केवी लाइनों में सप्लाई दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी।

## खनिज की कालाबाजारी करते पकड़े गए 8 वाहन


खनिज विभाग ने किया ट्रैक्टर जब्त।

### खनिज विभाग की लगातार कार्रवाई के बाद भी चोरों के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिज विभाग की टीम ने सूचना के आधार पर अलग-अलग क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई करते हुए रेत, ईंट-मिट्टी व मुरूम का अवैध परिवहन करते दो हाईवा सहित आठ वाहनों की जब्ती की है। विभाग द्वारा लगातार धरपकड़ की कार्रवाई करने के बाद भी खनिज चोरों के हौसले बुलंद हैं।

जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण का खेल थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। खनिज विभाग द्वारा खनिजों की विभिन्न तरीकों से कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है, लेकिन ये लगातार सक्रिय रूप से खनिज चोरी की घटनाओं को अंजाम दे ही रहे हैं। खनिज विभाग की टीम के द्वारा 10 एवं 12 अप्रैल को चकरभाठा, रहंगी-बिल्हा, दगोरी, उमरिया, उड़गन, उड़नताल, खपरी, कोहरौदा, बरतोरी, सेलर, पिपरा और खैरा क्षेत्रों में व्यापक जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान उड़नताल क्षेत्र में अवैध रूप से रेत परिवहन करते 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। वहीं उमरिया क्षेत्र में ईंट-मिट्टी का परिवहन करते 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े गए। खैरा क्षेत्र से मुरुम का अवैध परिवहन करते 1 हाइवा वाहन को जब्त किया गया, जबकि अशोक नगर क्षेत्र में गिट्टी का परिवहन करते 1 हाइवा वाहन को भी कब्जे में लिया गया। इसके अलावा पिपरा क्षेत्र में रेत परिवहन करते 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त की गई।इस प्रकार कुल 8 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें पुलिस थाना बिल्हा एवं कोनी की अभिरक्षा में रखा गया है।

#### तीन दिनों पहले ही पकड़े गए थे 21 वाहन

खनिज के अवैध उत्खनन, भंडारण व परिवहन करने के मामले में हाल ही में व्यापक स्तर पर छापामार अभियान चलाते हुए खनिज विभाग द्वारा हाईवा, पोकलेन व जेसीबी सहित 21 वाहनों की जब्ती की गई थी। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार पकड़े गए वाहनों को कम से कम 15 दिनों तक नहीं छोड़ा जाना है। ऐसे में अभी पकड़े गए वाहनों की मालिकों को सुपुर्दगी हो भी नहीं पाई है, और आठ वाहन और पकड़ लिए गए हैं। जिले में खनिज चोरों के हौसले बुलंद हैं।

#### लगातार जांच की जा रही

रेत, ईंट व मिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त आठ वाहनों की जब्ती की गई है। शहर के भीतर विभिन्न स्थानों पर भी लगातार जांच की जा रही है, ताकि अवैध रूप से खनिजों के भंडारण का पता लगाकर जब्ती की कार्रवाई की जा सके।

-किशोर कुमार गोलघाटे
उपसंचालक खनिज

#### अशोक नगर, राजस्व कॉलोनी व सरजू बगीचा में अवैध भंडारण

शहर में अशोक नगर, राजस्व कॉलोनी व सरजू बगीचा में रेत-गिट्टी का बड़ी मात्रा में अवैध भंडारण करके रखा गया है। अशोक नगर फिलहाल शहर का सबसे तेजी से विकसित होता क्षेत्र है, जिससे यहां लगातार नई कॉलोनियों का निर्माण हो रहा है। लोग इस क्षेत्र में प्लॉट लेकर स्वतंत्र मकान भी बड़ी संख्या में बना रहे हैं। ऐसे में खनिज चोरों के लिए यह क्षेत्र एक अच्छा मार्केट है। यही कारण है कि यहां खाली पड़ी जमीनों पर खनिज माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से खनिजों का भंडारण करके रखा गया है, ताकि मांगने पर यहीं से ट्रैक्टर के जरिए उठाव करके ग्राहकों को सप्लाई की जा सके।

#### लोफंदी में डंके की चोट पर हो रही मुरूम की खुदाई, सब मौन



शहर से लगे गांव लोफंदी में प्रशासन की नाक के नीचे डंके की चोट पर मुरूम की खुदाई की जा रही है। मुरूम की खुदाई में खनिज माफियाओं द्वारा जेसीबी लगाकर भारी मात्रा में मुरूम खोदी जा रही है। जेसीबी से बीस फीट गहराई में मुरूम की खुदाई की जा चुकी है। ऐसा बिल्कुल नहीं है कि इस संबंध में खनिज विभाग को जानकारी नहीं है। ग्रामीणों द्वारा इस बात की शिकायत खनिज विभाग को भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की जा सकी है। सूत्रों के अनुसार यहां पूरी रात मुरूम की खुदाई होती है, जिससे हाईवा के जरिए ग्राहकों के बताए संबंधित स्थान पर परिवहन कर खाली किया जाता है।

## अगले दो दिनों में पारा 42 डिग्री पर पहुंचने के आसार

गर्मी का टार्चर जल्द ही लोगों के पसीने छुड़ा देगा। मौसम विभाग ने दो दिनों के भीतर पारा 42 में पहुंचने की संभावना जताई है। इस दौरान राजधानी रायपुर के साथ ही बिलासपुर में भी प्रचंड गर्मी पड़ सकती है। मौसम विभाग ने हीट वेव चलने की अलर्ट जारी कर दिया है।

मौसम विभाग के अनुसार बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग की अलग-अलग जगहों पर तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच सकता है। इस दौरान कुछ इलाकों में हीट वेव चलने की भी चेतावनी दी गई है। खास बात यह है कि 15 दिनों बाद पारा 40 डिग्री पर पहुंच चुका है, विभाग ने आशंका व्यक्त की है कि 2 से 3 दिन में पारा 42 डिग्री पहुंच सकता है। ओडिशा से गल्फ ऑफ मन्नार तक एक द्रोणिका एक्टिव है, जो दक्षिण छत्तीसगढ़, विदर्भ, मराठवाड़ा, कर्नाटक और तमिलनाडु से होकर गुजर रही है। इसी सिस्टम का प्रभाव प्रदेश के मौसम पर पड़ रहा है। 2 दिनों तक प्रदेश में शुष्क मौसम रहने की संभावना जताई है। लेकिन 14 अप्रैल से गर्मी का असर और तेज होने की संभावना है।

#### बिलासपुर सहित रायपुर में भी हीट वेव का अलर्ट



## तस्करों ने वनकर्मियों पर किया कुल्हाड़ी से हमला

**बिलासपुर।** जंगल में लकड़ी चोरी कर रहे तस्करों को वनकर्मियों की टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। बचने के लिए चोरों ने वनकर्मियों के साथ मारपीट करते हुए उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



कोटा पुलिस के अनुसार, अमृतसागर कालोनी निवासी रवि कुमार जगत पिता स्व. जेठू सिंह जगत वन विकास निगम में परियोजना परीक्षेत्र अधिकारी हैं। 11 अप्रैल की सुबह 6 बजे वे अपने स्टाफ सहायक परियोजना छत्रपाल देव सिंह भरद्वाज, हितेन्द्र दीवान, अशोक साहू, क्षेत्ररक्षक राहुल शर्मा, नियमित चौकीदार मेलूराम ध्रुर्वे, नैन सिंह ध्रुर्वे, दैनिक वेतन भोगी सुरक्षा श्रमिक धन्नु गोंड़, उत्तम मानिकपुरी, रामलाल गोंड़, वीर सिंह बैगा, नस सिंह गोंड़ के साथ शासकीय वाहन से चालक शिवकुमार यादव के साथ अपने दैनिक ड्यूटी पर करपिया जंगल महामायी द्वार में थे। 8.30 बजे सोनबंधी निवासी संतदास एवं उसके साथी जंगल में लकड़ी काटते हुए मिले। पकड़े जाने पर लकड़ी तस्करों ने टीम के साथ विवाद कर गाली गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया, जिससे वनकर्मी व तस्करों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। पकड़े जाने के डर से तस्करों ने वन विभाग की टीम पर कुल्हाड़ी से हमला कर कर दिया। जिससे वनकर्मी दहशत में आ गए और इसी बीच लकड़ी तस्कर भाग निकले। कुल्हाड़ी के हमले से दैनिक वेतन भोगी धन्नू सिंह के हाथ में चोट आई है। पुलिस ने श्री जगत की रिपोर्ट पर संतदास एवं उसके अन्य साथी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 132, 221, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## होटल में जुआः 8 जुआरी पकड़े गए, डेढ़ लाख रुपए जब्त



**बिलासपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित होटल महावीर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से कुल 1 लाख 44 हजार रुपए की जब्ती की है। यह कार्रवाई थाना सिविल लाइन पुलिस एवं एसीसीयू टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि होटल महावीर के कमरा नंबर 215 में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी और कमरे में जुआ खेलते हुए 8 व्यक्तियों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 44 हजार रुपए और ताशपत्ती बरामद की गई।

#### गिरफ्तार आरोपी

महेश सिंह पिता गुलजार सिंह,निवासी कस्तूरबा नगर, हीरालाल पाल पिता स्व. जग्गू पाल, निवासी कस्तूरबा नगर, अक्की जायसवाल पिता डी.पी. जायसवाल, निवासी कस्तूरबा नगर, छोटू सिंह पिता स्व. अभिषेक सिंह, निवासी कस्तूरबा नगर, संदेश मसीह पिता संतोष मसीह, निवासी कस्तूरबा नगर, अनिल कुमार वर्मा पिता केशव वर्मा, निवासी कस्तूरबा नगर, आकाश भोई पिता शिवा भोई, निवासी कस्तूरबा नगर, विशाल छाबड़ा पिता राजेश छाबड़ा, निवासी शांति नगर,

**संचालक की भूमिका संदिग्ध** -जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि जुआ खेलने के उद्देश्य से उक्त कमरा किसी अन्य व्यक्ति के नाम से बुक कराया गया था। इस संबंध में होटल संचालक एस.के. सिन्हा की भूमिका संदिग्ध पाई गई, जिसके आधार पर उसे भी मामले में आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# संत कंवर राम जी की जयंती पर शत्-शत् नमन ...






संत कंवर राम जी का नाम संत परंपरा में सेवा, त्याग और प्रेम का प्रतीक है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति जात-पात, ऊँच-नीच और बाहरी आडंबर से परे है। वे मानते थे कि ईश्वर का निवास हर हृदय में है, और उसकी सबसे बड़ी पूजा है दीन-दुखियों की सेवा। संत कंवर राम जी का जन्म सिंध प्रांत के जरवार गांव में हुआ था। उन्होंने सूफी संतों और सिख गुरुओं की वाणी से प्रेरणा ली। उनकी वाणी में मीरा की तड़प, कबीर की निर्भीकता और गुरु नानक की करुणा एक साथ झलकती थी। उनका सबसे बड़ा संदेश था: "मनुष्य बनो, इंसानियत को पहचानो"। अगर मन में ईर्ष्या, द्वेष और अहंकार है तो कोई भी तीर्थ फल नहीं देगा। उन्होंने जीवन भर भूखों को भोजन कराया, रोगियों की सेवा की और अंधविश्वास के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया। कंवर राम जी भजन-कीर्तन के माध्यम से लोगों के दिलों को जोड़ते थे। उनकी आवाज़ में ऐसा दर्द और प्रेम था कि सुनने वाला रो पड़े। वे कहते थे कि भक्ति का मतलब केवल आडम्बर करना नहीं होता, बल्कि हर कर्म को ईश्वर की पूजा समझकर करना है। किसान खेत में हल चलाए तो सेवा भाव से, व्यापारी व्यापार करे तो ईमानदारी से, यही सच्ची भक्ति है। वे हमें याद दिलाते हैं कि धर्म का अर्थ जोड़ना है, तोड़ना नहीं। सच्चा भक्त वही है जो हर जीव में अच्छाई देखे और निस्वार्थ सेवा करे। इसलिए आओ, उनके जीवन से प्रेरणा लें। अहंकार छोड़ें, प्रेम बांटें, सेवा को अपना धर्म बनाएं। सेवा, प्रेम और इंसानियत का दीप कभी न बुझे।"































## खबर संक्षेप

### बिलासपुर को 'क्लास बी' शहर का दर्जा दिलाने केंद्रीय राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** विश्व हिन्दू परिषद द्वारा 12 अप्रैल को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को ज्ञापन सौंपकर बिलासपुर शहर को 'क्लास सी' से 'क्लास बी' श्रेणी में उन्नयन करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि बिलासपुर शहर की जनसंख्या वर्तमान में 8 लाख से अधिक हो चुकी है, जबकि पूरे जिले की जनसंख्या लगभग 35 लाख के आसपास है, जो इसे एक बड़े शहरी एवं क्षेत्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करती है। बिलासपुर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय का मुख्यालय होने के कारण राज्य का प्रमुख न्यायिक केंद्र है, वहीं यह संभागीय मुख्यालय होने के कारण प्रशासनिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का मुख्यालय है, जो भारतीय रेलवे का सर्वाधिक राजस्व अर्जित करने वाला जोन है। बिलासपुर जंक्शन देश के प्रमुख रेलवे जंक्शनों में शामिल है, जहां से देश के विभिन्न महानगरों के लिए सीधी रेल सेवा उपलब्ध है। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बिलासपुर पूरे संभाग का प्रमुख केंद्र है, जहां सिम्स सहित अनेक सरकारी एवं निजी अस्पताल लाखों लोगों को सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। बिलासपुर क्षेत्र कोयला उत्पादन, विद्युत उत्पादन एवं अन्य औद्योगिक इकाइयों के माध्यम से राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इसके अतिरिक्त, व्यापार एवं वाणिज्यिक गतिविधियों में निरंतर वृद्धि, शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में प्रगति तथा आधारभूत संरचना के विस्तार ने बिलासपुर को 'क्लास बी' शहर के मानकों के अनुरूप बना दिया है। ज्ञापन देने वालों में संदीप गुप्ता, राजीव शर्मा, जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता तथा अपूर्व श्रीवास्तव रहे।

### अखिल सिंधवानी ने जाते-जाते दो चेहरों पर बिखेरी रोशनी



**बिलासपुर।** सिंधी कॉलोनी निवासी स्व. अखिल सिंधवानी ने अपनी विदाई को अमर बना दिया। मात्र 30 वर्ष की अल्पायु में रविवार को स्वर्गवास होने के बाद अखिल अपने पीछे दो लोगों के जीवन में 'नेत्रज्योति' का अनमोल उपहार छोड़ गए हैं। दुख की इस कठिन घड़ी में अखिल के पिता अजय सिंधवानी एवं उनके परिजनों ने एक अत्यंत साहसी और मानवतावादी निर्णय लिया। उन्होंने अखिल की स्मृतियों को जीवित रखने के लिए नेत्रदान करने का संकल्प किया और इसके लिए 'हैंड्स ग्रुप' से संपर्क किया। सूचना मिलते ही हैंड्स ग्रुप के पंकज असरानी व अन्य सदस्य सक्रिय हुए। सिम्स अस्पताल के डॉ. संजय चौधरी, डॉ. आरती सिंह एवं डॉ. रुचि वर्मा की मेडिकल टीम तत्काल सिंधवानी परिवार के निवास स्थान पहुंची और ससम्मान नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न की। हैंड्स ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि नेत्रदान केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानवता के प्रति सबसे बड़ा दान है। एक व्यक्ति का यह संकल्प दो लोगों के जीवन से अंधेरा मिटाकर उनमें नई उम्मीद की जोत जला सकता है।

### अभाविप ने छात्रहित से जुड़े मुद्दों को पूरा करने एयू को ज्ञापन सौंपा



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय इकाई बिलासपुर महानगर द्वारा छात्रहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। परिषद ने विश्वविद्यालय परिसर में गुणवत्तापूर्ण एवं उचित दर पर कैंटीन प्रारंभ करने, परीक्षा परिणाम में हुई त्रुटियों को सुधारते हुए पारदर्शी एवं समयबद्ध परिणाम घोषित करने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास करने वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सृजन फेस्ट आयोजित करने, कक्षाओं एवं कार्यालयों में लगे एयर कंडीशनर की नियमित सफाई कराने, सुरक्षा गार्डों के लिए गर्मी के मौसम में पंखा अथवा कूलर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कक्षाओं में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था करने की, सेमेस्टर एग्जाम फीस डेट में परिवर्तन करने, विश्वविद्यालय में स्थित जिम में महिला ट्रेनर,बचे हुए परीक्षा परिणाम जारी करने, इंडस्ट्रियल विजिट की मांग की। अध्यक्ष सुधांशु यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थियों की इन जायज मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो विद्यार्थी परिषद छात्रहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान अतिंद्र धर दीवान, सुजय पांडेय,झंकार साहू, श्रेयांश, प्रणय, हिमांशु, आदित्य, गौरव, अभिषेक, पीयूष,प्रियांशु, आयुष सिंह,अविनाश जायसवाल, कबीर, निश्चय,समीक्षा, दुष्यंत , वासु,आर्यन,आकांक्षा,अंचल,एकता ,अमित,, चांसी,लाल बहादुर,शिवानी आदि मौजूद थे।

### एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर जिला अस्पताल में फल वितरण



**बिलासपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के 56वें स्थापना दिवस पर जिला उपाध्यक्ष अदिति वर्मा ने जिला अस्पताल पहुंच कर गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों को फल और मिठाइयाँ वितरित कीं। इस विशेष अवसर पर उन्होंने ने बताया कि उन्हें गर्व है कि वे इस संगठन से जुड़ी हैं, जो कांग्रेस पार्टी द्वारा स्थापित एक गौरवमयी संस्था है। एनएसयूआई हमेशा से ही छात्रों की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करता आया है संगठन ने देशभर में शिक्षा रोजगार और छात्र कल्याण से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया है।

**खेतों में लहलहा रही गर्मी के धान की फसल** | पानी के साधन वाले किसानों ने लगाया गर्मी का धान

# भीषण गर्मी में देखते ही बन रही धान के पौधों की हरियाली

**बिलासपुर।** भीषण गर्मी में एक ओर जहां पेड़ के पत्ते सूखकर ग्रीष्मकाल का संदेश दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गर्मी का धान लगाने वाले किसानों के खेतों में हरियाली देखते ही बन रही है। धान के पौधे अब गभोट की स्थिति में पहुंच चुके हैं। जिन किसानों के पास खुद का ट्यूबवैल या पानी का साधन उपलब्ध है, लगभग उन सभी किसानों ने गर्मी में धान की फसल ले रखी है।

अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार हो चुका है। ऐसे में अप्रैल की झुलसा देने वाली भीषण गर्मी में गांव में लगाई गई धान की फसल एक अलग ही सुकून दे रही है। खेतों के पास से गुजरने पर एक ओर जहां हरियाली देखकर आंखों को सुकून मिल रहा है, वहीं शरीर पर पड़ने वाली ठंडक भी सुखद अहसास देती है। किसान के खेतों में लगाए गए धान के पौधे अब काफी बड़े हो चुके हैं। पौधे फिलहाल गभोट की



स्थिति में हैं। जिला प्रशासन या कृषि विभाग भले ही पानी का अपव्यय रोकने गर्मी में धान की फसल न लेने की लगातार अपील कर रहा है, लेकिन खुद का ट्यूबवैल रखने वाले किसानों ने गर्मी में धान की फसल अनिवार्य रूप से ले रखी है।

### नहर से पानी लेने की अनुमति नहीं, चोरी से होती है सिंचाई

गर्मी में गांव के तालाबों के पूरी तरह सूख जाने के बाद सिंचाई विभाग द्वारा निस्तारी के लिए नहर में पानी छोड़कर तालाबों को भरा जाता है। यह प्रक्रिया लगभग हर साल पूरी की जाती है। इस दौरान किसानों को नहर से अपनी फसल की सिंचाई करने की अनुमति नहीं होती। इसके विपरीत किसानों द्वारा नहर में मोटर पंप लगाकर पाईपलाईन के जरिए खेतों तक पानी पहुंचाया जाता है। इस दौरान न केवल नहर, बल्कि बांध के पानी से भी गुपचुप तरीके से सिंचाई होती रहती है। तखतपुर ब्लॉक के केकराड़ गांव में दर्जनों किसानों के द्वारा मोटरपंप से पानी लेकर सिंचाई करने के कारण बीते वर्ष सौ एकड़ से भी अधिक का बांध पूरी तरह सूख गया था।

### 9 हजार हेक्टेयर में लगाया गया है गर्मी का धान

किसानों द्वारा जिले में लगाई गई गर्मी के धान की फसल का कुल रकबा देखा जाए तो इस साल जिले में 9 हजार 1 सौ हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों ने गर्मी का धान लगाया है। बीते साल गर्मी में धान का रकबा करीब 12 हजार हेक्टेयर था। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग की लगातार समझाइश के बाद किसानों में थोड़ी जागरूकता आने के कारण धान के रकबे में तीन हजार हेक्टेयर की गिरावट दर्ज की गई है।

### फसल लेने से परहेज करना चाहिए

गर्मी में वैसे तो किसानों को धान की फसल लेने से परहेज करना चाहिए। अन्य अच्छी फसलें भी हैं, जो कम पानी में अच्छा उत्पादन देती हैं। इस साल जिन किसानों ने धान की फसल ली है उनके पौधे गभोट की स्थिति में पहुंच चुके हैं। बारिश होने की स्थिति में धान की फसल को भरपूर लाभ मिल सकेगा।

**-पीडी हथेश्वर**, उपसंचालक कृषि

आधी आबादी को अधिकार देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जताया आभार

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम दशकों के इंतजार का सुफलः हर्षिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भाजपा की प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को दशकों के इंतज़ार का सुफल बताते हुए आधी आबादी को उसका अधिकार देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

श्रीमती पाण्डेय ने स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 भारत के लोकतंत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा । इस क्रांतिकारी कदम को उठाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी को धन्यवाद देते हुए श्रीमती पाण्डेय ने कहा की भाजपा महिलाओं को पूरा हक दिलाने प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल वोट बैंक के तौर पर तमाम राजनीतिक दलों ने दिया, लेकिन उनका अधिकार किसी ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में 33



पत्रकारों से चर्चा करतीं भाजपा की प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय।

प्रतिशत का आरक्षण दिया जाएगा। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर प्रधानमंत्री मोदी ने नारीत्व का जो सम्मान किया है, उसके लिए देश की सभी बहनें प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन करते हुवे उनको बहुत साधुवाद देती हैं कि उनकी स्पष्ट नीति एवं नियत के परिणाम स्वरुप ही उन्होंने इतनी ताकत के साथ भारत की संसद में इस अधिनियम को रखा है। जब इस अधिनियम को संसद के पटल पर रखा गया तब परिस्थितियाँ सकारात्मक नहीं थीं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 2029 में यह बिल लागू हो, उस दिशा में कार्य किया और अभी उस पर संशोधन आ रहा है। आने वाले समय में विधानसभा और लोकसभा में संशोधन के साथ यह बिल पारित होगा 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ। महिलाओं ने देश में बहुत बेहतर काम किया। श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री श्री मोदी ने की, जिसका सकारात्मक परिणाम आया है। बिलासपुर महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने नारी शक्ति वंदन बिल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह बिल महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक कदम है।

यह बिल महिलाओं के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन लाएगा।संचालन एवं नारी शक्ति वंदन अभियान की विस्तार रुपरेखा श्रीमती शीलू साहू एवं आभार स्नेहलता शर्मा ने किया इस अवसर पर शहर के विभिन्न समाज एवं संगठन की प्रतिष्ठत महिलाओ में प्रमुख रूप से समाज सेविका विनीता भगतनी, प्राध्यपिका डॉ श्वेता साव, नंदनी पाटनवार,रमा ऐरी, सुधा गुप्ता, वंदना सिंह, रीना गोस्वामी उपस्थित रही ।



बैठक में शामिल महाराजा अग्रसेन जनकल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारी।

## महाराजा अग्रसेन जनकल्याण ट्रस्ट की वार्षिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महाराजा अग्रसेन जनकल्याण ट्रस्ट की वार्षिक बैठक रविवार को निर्माणाधीन अग्रसेन भवन (एलसीआईटी कॉलेज के सामने) हुई। बैठक में ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा वार्षिक आय-व्यय, अब तक हुए निर्माण कार्य तथा शेष निर्माण कार्य पर होने वाले खर्च पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

ट्रस्ट द्वारा निर्मित हो रहे अग्रसेन भवन में 101 कमरे, दो विशाल हॉल , 6 अन्य छोटे कार्यक्रमों के लिए हॉल एवं विवाह सहित अन्य सामाजिक आयोजनों हेतु सभी आवश्यक आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। बैठक में यह लक्ष्य निर्धारित किया गया कि निर्माण कार्य को आगामी लगभग तीन माह में पूर्ण किया जाएगा। बैठक में पवन अग्रवाल, सीए सुरेंद्र अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, शिव अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल (कान्हा), सीए विनोद मित्तल, संजय अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, भोलाराम मित्तल, पवन अग्रवाल, चंचल अग्रवाल, संजय छपरिया, सुनील सोंथालिया एवं सुनील सुलतानिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रेस क्लब का साव ने किया लोकार्पण

**बिलासपुर।** बिलासपुर प्रेस क्लब के सुसज्जित भवन का लोकार्पण उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा लगभग 31 लाख रुपये की लागत से पुराने भवन का सौंदर्यीकरण कर आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों को नई ऊर्जा के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की शुभकामनाएं दीं।

- 31 लाख रुपए की लागत से पुराने भवन का सौंदर्यीकरण

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुशांत शुक्ला ने की। श्री साव ने कहा कि बेहतर संसाधनों और सुविधाओं के साथ पत्रकार अब और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शहर के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समय की मांग के अनुरूप प्रेस क्लब की हर आवश्यकता को पूरा किया जाएगा। श्री साव ने शहर में हो रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए बताया कि पिछले दो वर्षों में सड़क, पुल-पुलिया सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। इस दौरान उन्होंने अपनी प्रेरणादायक पंक्तियां "कोशिश कर, हल निकलेगा, आज नहीं तो कल निकलेगा" सुनाकर उपस्थित पत्रकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके संगीत योगदान को याद किया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजीत मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया, सचिव संदीप करिहार ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब उपाध्यक्ष विजय क्रांति तिवारी, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, सह सचिव हरिकिशन गंगवानी, कार्यकारिणी सदस्य कैलाश यादव सहित प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान अवस्थी, तिलक राज सलूजा, पीयूषकांत मुखर्जी, सूर्यकांत चतुर्वेदी सहित पत्रकार बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### प्रेस क्लब की भूमिका सराहनीयः सुशांत

समारोह की अध्यक्षता करते हुए विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि सामाजिक असमानताओं को दूर करने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने में प्रेस क्लब की भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों से शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को दिशा मिलती है।

### 100 करोड़ से हो रन वे विस्तार और टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण

**बिलासपुर।** रक्षा मंत्रालय द्वारा 1021 एकड़ जमीन के हस्तांतरण के लिए 150 करोड़ रूपए अनुपुरक बजट के तौर पर बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के लिए प्रस्तावित किया गया था। लेकिन आबंटन महज 50 करोड़ रूपए से 290 एकड़ जमीन ही हस्तांतरित की जा सकती है। 100 करोड़ की राशि अब भी बिलासा एयरपोर्ट के लिए रिजर्व है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने इस राशि से रनवे विस्तार और नए टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण की मांग की है।

समिति ने कहा कि रक्षा मंत्रालय 722 एकड़ जमीन करने में मना कर चुका है, राशि का उपयोग रनवे के विस्तार और नए टर्मिनल भवन निर्माण में किया जा सकता है। यह राशि बिलासा एयरपोर्ट के बजट में शामिल है। उपयोग के लिए मद परिवर्तन करने और निर्माण के लिए देने में व्यवधान नहीं होगा। समिति ने मांग है कि राशि लेप्स कर पुनः नए सिरे से आवंटन मांगने, स्वीकृत में अधिक समय लगेगा। पूर्व से ही आवंटित राशि का मद परिवर्तन कर कम समय में निर्माण कार्य शुरू किया जा सकता है। धरने में परशुराम कैवर्त, शिरीष कश्यप, राशिद बख्श, समीर अहमद, मनोज तिवारी, संतोष पीपलवा, महेश दुबे टाटा, अमर बजाज, विजय वर्मा,नीरज अवस्थी, ऋषि राज गौतम, प्रीति तिवारी, सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

## खुले स्थान पर कचरा मिला तो सेनेटरी इंस्पेक्टर होगा जिम्मेदार




**बिलासपुर।** निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे ने साफ-सफाई और उससे जुड़े हर काम को प्राथमिकता के साथ करते हुए समय सीमा के भीतर पूरा करने और स्वच्छता के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किए जाने की बात कही है। निगम कमिश्नर ने शनिवार को विकास भवन के दृष्टी सभाकक्ष में निगम अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं।

निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने बैठक लेकर निगम के कार्यों एवं स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सर्वेक्षण के तहत सभी कार्य मिशन मोड पर करें। इस पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी जोन कमिश्नरों को अपने क्षेत्रों में सफाई कार्य की मॉनिटरिंग और नाली सफाई कार्य का सतत रूप से निगरानी करने के निर्देश दिए। सड़कों पर रखे मलबे को हटाने और कार्रवाई करने को भी कहा। निदान के माध्यम से आ रहे प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। इसके अलावा सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों में सफाई और सुविधा सुनिश्चित की जाए। निगम कमिश्नर ने कहा कि खाली प्लाट या खुलें स्थान पर कचरा जमा होने पर संबंधित क्षेत्र के सेनेटरी इंस्पेक्टर जिम्मेदार होंगे। इसके अलावा नदी तटों पर कचरा नहीं फेंकने की अपील वाले बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए।

एसएसपी के निर्देश पर वाहन चालकों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही

# एडवांस्ड ब्रीथ एनलाइजर मशीन पर पुलिस की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण में यातायात नियमों का उल्लंघन कर सरल, सुगम, सुचारू एवं सुरक्षित आवागमन में व्यवधान उत्पन्न करने वाले वाहन चालकों पर सघन एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

डिजिटल माध्यमों का प्रयोग करते हुए उसे और भी प्रभावी बनाए जाने एवं अधिकारियों को इन डिजिटल प्रणाली को बेहतर तरीके से संचालित करने विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। 11 अप्रैल को चेतना भवन पुलिस लाइन में ब्रिथ एनालाइजर (एल्कोमीटर) या शराब सेवन की मात्रा



नापने वाली मशीन के संबंध में जिले के समस्त थाना, चौकी, पुलिस सहायता केंद्र के अधिकारियों का संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिले के समस्त थाना, चौकी, पुलिस सहायता केंद्र के प्रभारी सहित अधिकारी कर्मचारी का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसमें शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर किस तरीके से उनके स्वांस में अल्कोहल की मात्रा का एनालिसिस कर संख्यात्मक डाटा संग्रहित की जाती है और उसका उपयोग किस तरह किस किया जाता है इस संबंध में तकनीकी विशेषज्ञों ने विशेष जानकारी उपस्थित समस्त प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को प्रदान किया गया। नो पार्किंग में वाहन खड़ी करने वाले वाहन चालकों पर नकेल कसने यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा बहुसंख्या में फोर व्हीलर एवं टू व्हीलर व्हील लॉक ली गई है जिसके माध्यम से नो पार्किंग में वाहन खड़ी करने वाले वाहन चालकों पर सख्ती से कारवाही शहर के सभी क्षेत्रों में की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मधुलिका सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे, डीएसपी शिवचरण परिहार, ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के सदस्य एवं पुलिस के अधिकारी व जवान मौजूद थे।

## 19 हजार टन खाद का भंडार 11 सौ टन किसानों ने उठाया

**बिलासपुर।** खाद के भंडारण पर ईरान, अमेरिका-इजराईल युद्ध का कोई असर नहीं पड़ा है। जिले में आज की स्थिति में विभिन्न प्रकार के उर्वरकों को मिलाकर लगभग 19 हजार टन खाद का भंडारण शेष है, जबकि 1 हजार 110 टन खाद किसानों ने उठाव कर लिया है। प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा किसानों से अग्रिम रूप में खाद का उठाव जल्द कर लेने की अपील की गई है।

एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता को लेकर एक ओर जहां लगातार संशय की स्थिति बनी रही, वहीं उर्वरकों की उपलब्धता के मामले में जिला मजबूत स्थिति में नजर आ रहा है। वर्तमान में जिले में सभी उर्वरकों को मिलाकर 18 हजार 873 टन खाद का भंडारण है, जबकि किसानों के द्वारा अब तक 1 हजार 110 टन खाद का उठाव किया भी जा चुका है। आज की स्थिति में जिले में यूरिया 7 हजार 796, डीएपी 4 हजार 76, एमओपी 662, एनपीके 4 हजार 61 एवं एसएसपी का 2 हजार 278 टन भंडारण उपलब्ध है। इसके साथ ही किसानों द्वारा अब तक 742 टन यूरिया का उठाव किया जा चुका है।

### खाद का है पर्याप्त भंडार

खाद का जिले में पर्याप्त भंडारण है। इस दौरान किसानों द्वारा उठाव भी किया जा चुका है। किसानों को अपनी जरूरत के अनुरूप समय रहते खाद का उठाव कर लेना चाहिए।

**-पीडी हथेश्वर**, डीडीए बिलासपुर

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




कार्यक्रम

## मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस में अलका को मिला सेवा गतिविधि का सम्मान



**बिलासपुर।** 'द एसोसिएशन ऑफ़ द वी क्लब्स ऑफ़ इंडिया' के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर मल्टीपल कांफ्रेंस पुष्कर राजस्थान में आयोजित की गई। इसमें वी अलका अग्रवाल को उत्कृष्ट डिस्ट्रिक्ट सचिव सेवा गतिविधि का सम्मान एवं फ़ूड फॉर हंगर के लिए आउट स्टैंडिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया।

**राजस्थान में वी क्लब्स की कांफ्रेंस**

यह सम्मान सेवा को समर्पित वी क्लब्स के वर्ष भर के सेवा कार्यों का आकंलन कर मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट वी मंजीत हंसरा ने उन्हें विभिन्न सेवा कार्य गौ सेवा, वृद्ध सेवा, शिक्षा, वृक्षारोपण, नारी स्वाभिमान, फ़ूड फॉर हंगर, महिला स्वरोज़गार हेतु सिलाई मशीन वितरण, ठंड में कंबल वितरण आदि उत्कृष्ट सेवाओं एवं सामाजिक कार्यों में अद्वितीय योगदान के लिए प्रदान किया। इस मौके पर मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य के डिस्ट्रिक्ट 323-जी -3 की डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट वी मनीषा सोनी, रायपुर से जया अजवानी, माया दरना, चिरमिरी से कमला शुक्ला, नीलम रॉय, संजू बघेल, ममता सिंहा, रश्मि बधावन सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। ज्ञात हो कि वी अलका अग्रवाल वर्तमान में "वी" क्लब्स ऑफ इंडिया के डिस्ट्रिक्ट 323-G-3 की डिस्ट्रिक्ट सचिव सेवा गतिविधि के रूप में कार्यरत है।

## सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि में व्याख्यान

# भारत केवल देश नहीं एक विचार यही बनेगा विश्व का आधार

**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के सिहावा अकादमिक भवन सभागार में शनिवार को एक दिवसीय व्याख्यान माला भारत की अवधारणा : एक समग्र मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य का आयोजन किया गया।

आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो एडीएन वाजपेयी व मुख्य वक्ता रामाशीष, अखिल भारतीय प्रज्ञा प्रवाह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति वी के सारस्वत ने की। इसके पश्चात अतिथियों का परिचय एवं उनका स्वागत संपन्न किया गया। मुख्य वक्ता रामाशीष ने अपने संबोधन में कहा कि भारत महान संस्कृति की उद्गम स्थली है, जिसकी अविरल धारा से आज भी संपूर्ण विश्व प्रेरणा एवं संतुलन प्राप्त कर रहा है। उन्होंने बताया कि भारतीय परंपरा के मूल में वेद, पुराण, दर्शन और उपनिषद जैसे आर्ष ग्रंथों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारत न केवल अपने प्राचीन आर्थिक वैभव के लिए जाना जाता है, बल्कि अपने गहन चिंतन और जीवन-दर्शन के कारण विश्व में विशेष पहचान रखता है। उन्होंने भारतीय प्राचीन ग्रंथों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनमें मानव जीवन के मानसिक एवं आध्यात्मिक उत्थान के लिए अद्भुत मार्गदर्शन निहित है। साथ ही, पश्चिमी देशों की वर्तमान परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने वहां बढ़ते तनाव, चिंता, हिंसात्मक प्रवृत्तियों, अपराध एवं नशे की समस्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारतीयों द्वारा स्थापित परंपराओं और संस्कारों को जीवन में अपनाकर ही विश्व मानसिक सुदृढ़ता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि "भारत" केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि एक व्यापक दर्शन है। रामाशीष ने भारतीय परिवार व्यवस्था को संस्कृति की रीढ़ बताते हुए वर्तमान परिवर्तित सामाजिक परिदृश्य पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता बताई। उन्होंने सभी को यह सोचने के लिए प्रेरित किया कि हम किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अंत में, उन्होंने नागरिक कर्तव्य बोध, सामाजिक समरसता एवं स्वदेशी भाव को अपनाकर भारत को एक आदर्श राष्ट्र बनाने का आह्वान किया।




### सृष्टि के आरंभ के साथ ही भारत की भी उत्पत्ति

मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में श्रीमद्भगवद्गीता के संदर्भ से भारतवर्ष की उत्पत्ति पर विचार रखते हुए कहा कि सृष्टि के आरंभ के साथ ही भारत की भी उत्पत्ति मानी जानी चाहिए। उन्होंने भारत को एक स्वयंभू सत्ता के रूप में स्वीकार करते हुए इसकी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को रेखांकित किया। भारतीय परंपराओं की सराहना करते हुए उन्होंने इन्हें पुनः प्रतिष्ठित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही, उपस्थित विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपनी अंतर्निहित भारतीय शक्ति, ज्ञान और संस्कारों को पहचानें तथा उन्हें अपने जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

### भारतीय संस्कृति मानवता, संतुलन और समरसता का संदेश देती

अध्यक्षता कर रहे प्रो वी के सारस्वत ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भारत मात्र एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि एक जीवंत विचार, गहन अनुभव और जागृत चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों की सतत सांस्कृतिक और आध्यात्मिक साधना से भारत का निर्माण हुआ है, जिसने इसे विशिष्ट पहचान प्रदान की है। उन्होंने 'विविधता में एकता' को भारतीय जीवन शैली की सबसे बड़ी विशेषता बताते हुए कहा कि यही हमारी सांस्कृतिक शक्ति का आधार है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने चिंता व्यक्त की कि आज पूरा विश्व तनाव, दुश्चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसी परिस्थितियों में यदि कोई स्थायी और प्रभावी समाधान संभव है, तो वह भारतीय विचारधारा और जीवन मूल्यों में निहित है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संस्कृति मानवता, संतुलन और समरसता का संदेश देती है, जो पूरे विश्व को दिशा प्रदान कर सकती है। अंत में उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत अपने श्रेष्ठ मूल्यों और आदर्शों के आधार पर पुनः "विश्व गुरु" के रूप में प्रतिष्ठित होगा।

आयोजन

## धुनी कार्यक्रम में भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** आदर्श झूलेलाल सेवा समिति बिलासपुर द्वारा संस्था प्रमुख संतोष क्षत्री के घर धुनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी गई। अंत में आरती की गई। पल्लव पाकर प्रसाद वितरण किया गया। आम भंडारा में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किय।

**आरती कर पल्लव पाया गया, प्रसाद वितरित किया गया**

संस्था के प्रमुख श्री क्षत्री ने बताया कि संस्था द्वारा हर माह चंद्र के दिन प्रभात फेरी निकाली जा रही है और जनवरी 2026 से प्रत्येक शुक्रवार रात्रि में भगवान झूलेलाल की धुनी की जा रही है। इससे समाज के लोग जागृत हो रहे हैं और कोई अपने जन्म उत्सव तो कोई सालगिरह, कोई अपने माता-पिता की पुण्यतिथि पर यह आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में मेरी माताजी की पांचवीं पुण्यतिथि पर अपने घर में भगवान झूलेलाल की धुनी कराया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान झूलेलाल व उनकी माताजी की फोटो पर पुष्प अर्पित व आरती कर की गई। महिला मंडली ने भक्ति भरे भजन गाए। नानकराम खाटूजा ने 101 भगवान झूले नाम का जाप कराया। धन गुरु नानक दरबार साहिब से आए सेवादार, भाई साहब ने भजनों की प्रस्तुति दी।

### इनका रहा सहयोग

आयोजन को सफल बनाने में रीतु बजाज, प्रिया हरीयानी, मीना नेवदानी, पिंकी नागवानी, पूजा वाधवानी, मीरा गंगवानी, कशिश क्षत्री, पलक असवानी, सरिता शिवानी, माया असवानी, मिस्टी बजाज, मधु हिंदुजा, किरण धर्मपाल, विजय दुसेजा का सहयोग रहा।

## श्रीकृष्ण का जन्म अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक : पं. मिश्रा






**बिलासपुर।** जहां गायों की संख्या ज्यादा हो वह घर नहीं बल्कि गोलोक है। गाय के शरीर में 33 कोटि देवता का वास होता है। उनके चरण रज व गोमूत्र से घर पवित्र हो जाता है। आबोहवा बदल जाती है, इसलिए सभी एक गाय अवश्य पालें। गाय के चलने से उड़ने वाले धूल व उनके पूंछ में चिपके धूल पड़ने से बड़ी बड़ी व्याधियां दूर हो जाती है। श्रीकृष्ण का जन्म बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है।

ये बातें सीपत रोड सरकंडा स्थित शिव कुमार शुक्ला के निवास स्थान में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा सप्ताह के पांचवें दिन रविवार को कथा व्यास पं. नीरज भूषण मिश्र सीपत ने कृष्ण जन्म व रूक्खमणि मंगल की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि द्वापर युग में मथुरा के राजा कंस की बहन देवकी और वासुदेव के विवाह के समय आकाशवाणी हुई कि देवकी का आठवां पुत्र कंस का वध करेगा। कंस ने देवकी-वासुदेव को कारागार में डाल दिया और 7 संतानों को मार डाला। वासुदेव और देवकी के 8वें बच्चे के रूप में भगवान कृष्ण का जन्म आधी रात को मथुरा के जेल में हुआ। जन्म लेते ही भगवान के आदेश पर वासुदेव ने बालक कृष्ण को एक टोकरी में रखा और यमुना पार कर गोकुल में नंद बाबा के घर छोड़ आए। गोकुल में यशोदा माता ने कान्हा का पालन-पोषण किया। उन्होंने बताया कि नंद भवन में नंदोत्सव की व्यापक तैयारी की गई थी। नंद बाबा मथुरा जाकर नंदोत्सव का नेवता बांट रहे थे। बड़े होकर कृष्ण ने कंस का वध किया और मथुरावासियों को उसके अत्याचारों से मुक्त कराया। कथा को सफल बनाने में देवकुमारी, शिव कुमार शुक्ला, मंजू, अरविंद शुक्ला, रोशनी, अजय शुक्ला, अंजू, जितेंद्र शुक्ला, चंद्रकला, निशिकांत शुक्ला, महेंद्र, उमेश शुक्ला सहित पूरे शुक्ला परिवार का सहयोग मिल रहा है।

### कृष्ण ने किया पुतना का वध

कथा व्यास ने पुतना वध की कथा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पुतना सुंदरी का रूप धारण कर भगवान कृष्ण के घर पहुंच गई और किसी की नजर न पड़े सोच कर दीवार से चिपक कर बैठ गई। मौका पाकर भगवान को स्तनपान कराने लगी। फिर भगवान कृष्ण स्तन के माध्यम से पुतना की प्राण वायु खींचना शुरू किया तो वह छटपटाने लगी। छोड़ छोड़ कहते हुए भयानक रूप धारण कर ली और चिल्लाते हुए अंतरिक्ष की ओर चली गई। भगवान कृष्ण पुतना की इतना प्राण वायु खींच लिया वह धड़ाम से पृथ्वी पर गिर पड़ी। इसे देख कर नंद बाबा घबरा गए। कहने लगे न जाने लाला के प्रारब्ध में क्या लिखा है। चार महिना का हुआ नहीं है और दो बार मौत के मुंह से निकल गया है। ब्राम्हणों ने नंद बाबा से कहा कि वे चिंता न करें उनका घर गोलोक का है।

### बाल लीला है अलौकिक

कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला अत्यंत मनमोहक और अलौकिक है। गोकुल में बाल कृष्ण अपनी नटखट हरकतों से यशोदा मैया और गोपियों को आनंदित करते थे। कालिया दमन और उखल बंधन जैसी लीलाओं द्वारा उन्होंने अपनी दिव्य शक्तियों का प्रदर्शन किया।

### विवाह में आ रही बाधाएं होती है दूर

कथा व्यास ने रुक्खमणी मंगल की भी कथा सुनाई और बताया कि रुक्खमणी मंगल कथा का श्रवण करने से विवाह में आ रही बाधाएं दूर होती हैं और जीवन में मंगल का वास होता है। यह कथा पारिवारिक खुशहाली के लिए बहुत ही कल्याणकारी है।




## सक्षम द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्य सराहनीयः कौशिल्या


**बिलासपुर।** सक्षम महिला आयाम छत्तीसगढ़ प्रांत का वार्षिक कार्यक्रम महिला सम्मान समारोह संतोष अग्रवाल ग्रोथ अकैडमी कोपलवाणी मूकबधिर दिव्यांग संस्थान ग्राम सेमरिया रायपुर में आयोजित किया गया।

**सक्षम का महिला सम्मान समारोह**

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कौशिल्या विष्णुदेव साय ने सक्षम द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो की सराहना की। श्रीमती साय ने दिव्यांगों के प्रति समाज की अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण कराया । साथ ही महिला सशक्तिकरण को दिव्यांगों के सर्वांगीण विकास लिए आवश्यक बिंदु बताया । सक्षम प्रांत संगठन मंत्री रामजी राजवाड़े का पंच परिवर्तन के विषय पर विशेष उद्बोधन रहा । कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाली 101 महिलाओं का सम्मान कोपलवाणी दिव्यांग छात्रों द्वारा बनाई गई बस्तर की चित्रकला सम्मान स्वरूप देकर किया गया । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शताब्दी पांडेय, सक्षम के संगठन मंत्री श्रीराम राजवाड़े, प्रांताध्यक्ष डॉ सुरेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष जैनेन्द्र जैन, सचिव अनूप पांडेय, सहसचिव अंजली चावड़ा, प्रचार-प्रसार प्रमुख इंदिरा जैन, महिला आयाम प्रमुख पदमा शर्मा, युवा आयाम प्रमुख शरद चंद्रा, बिलासपुर से शेफाली घोष, पूनम पांडेय, विद्या साहू, आरती अनंत, चुन्नी मौर्य, कल्याणी पांडेय, डॉ भूमिका साहू, सोनिया साहू, प्रेमलता, सुरेखा भारती, रायपुर से डॉ नम्रता सिरमौर, डॉ विनय टंडन, संगीता कश्यप, सुभाष जंघेल, महासमुंद से राजेश नायक, उर्वशी साहू, सारंगढ़ से सरिता सिदार, रायगढ़ से ललिता पटेल, चांपा से ज्योति सराफ, कोरबा से निर्मला शर्मा, अंबिकापुर से मोहनी पटनायक, बलौदा बाजार से अर्चना बघेल, डॉ वर्षा मिश्रा की उपस्थिति रही।

## मेंस सीनियर टी 20 ट्रॉयल कल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेंस सीनियर टी 20 ट्रॉयल का आयोजन किया जा रहा है । जिसके लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा 14 अप्रैल बुधवार को दोपहर 1 बजे बजे मेंस सीनियर टी 20 का ट्रायल लिया जा रहा है। जो की राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में कराया जाएगा । जिसके लिए ट्रायल देने वाले सभी खिलाड़ी अपना ओरिजिनल डॉक्यूमेंट जैसे अंतिम 6 साल के मार्कशीट , पीवीसी आधार कार्ड, डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट और एक पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है और साथ ही ट्रायल और रजिस्ट्रेशन फीस 500 रूपये देने होंगे इस वर्ष जो ट्रायल लिया जा रहा है वह 2026-27 सत्र के लिए लिया जाएगा। ट्रायल व्हाइट ड्यूज बॉल्स से लिया जाएगा और सभी खिलाड़ी कलर वेश भूषा में ट्रायल देंगे। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव देवेंद्र सिंह द्वारा दिया गया।



कार्यक्रम

## बच्चों ने महापुरुषों के संघर्ष व विचारों को शब्दों में सजीव रूप दिया



**बिलासपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती शनिवार को मनाई गई कार्यक्रम का प्रारंभ तय समयानुसार सायं 4 बजे हुआ प्रारंभिक सत्र में बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबासाहेब के विचारों पर आधारित था।

बच्चों ने अत्यंत लगन, संवेदनशीलता और समझ के साथ अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की, जिसने उपस्थित जनों का मन जीत लिया। बच्चों ने महापुरुषों के जीवन, उनके संघर्ष और उनके विचारों को शब्दों में सजीव रूप दिया। सायं 6 बजे से सांस्कृतिक एवं वैचारिक कार्यक्रम का विधिवत आरंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक वंदना से हुई, जिसने वातावरण को शांत, अनुशासित और चिंतनशील बनाया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि आयुष्मान डॉ संजीव खुदशाह का आगमन हुआ। बच्चों ने कतारबद्ध होकर "जय भीम" के उद्घोष के साथ उनका स्वागत किया, जो अपने आप में अनुशासन और संस्कार का सुंदर प्रतीक था। इस आयोजन की एक विशेषता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया अतिथियों के स्वागत की परंपरा को एक नए वैचारिक आयाम के साथ प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि को "बाबासाहेब और उनका मिशन" तथा कार्यक्रम की अध्यक्ष ललिता वाहने ताई को "बुद्ध और विज्ञान" पुस्तक भेंट की गई। बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उद्बोधन में डॉ संजीव खुदशाह ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन की उन निर्णायक घटनाओं पर प्रकाश डाला, जिन्होंने उन्हें जाति व्यवस्था और अशिक्षा के विरुद्ध संघर्ष के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन आयुष्मान मुकेश गोंडाने भाऊ द्वारा किया गया।

## बहनें कम खर्च में अधिक लाभ के करें कार्य

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की प्रांतीय अध्यक्ष उमा छापरिया का पहला प्रांतीय दौरा हुआ। इस दौरान कोरबा शाखा में आयोजित कार्यक्रम में छापरिया ने संस्था की सभी बहनों को कम खर्च में अधिक लाभ के कार्य करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में वर्ष 2026-28 के लिए प्रीति मोदी को शाखा अध्यक्ष की शपथ दिला कर एक नई 'सृजन शाखा' की स्थापना की गई। यह आयोजन राष्ट्रीय नेत्रदान एवं अंगदान प्रमुख सरोज के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष शशि, प्रांतीय सचिव सीमा गुप्ता, प्रांतीय कोषाध्यक्ष रेखा सिंघानिया, कोरबा अध्यक्ष अनिता , अध्यक्ष प्रीति मोदी, कोरबा सृजन शाखा अध्यक्ष मुक्ता एवं सीमा गुप्ता सहित अन्य सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।




कार्नर न्यूज

# व्यापमं ने ली फार्मासिस्ट की परीक्षा, कठिन प्रश्नों से अभ्यर्थी रहे परेशान

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को फार्मासिस्ट ग्रेड II की परीक्षा रविवार को शहर के 11 केन्द्रों में ली गई। इस 2 घंटे की परीक्षा में 100 अंक के प्रश्न पूछे गए, डिप्टी कलेक्टर नारायण गबेल ने बताया कि 3 हजार 606 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था जिसमें 1900 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी शेष 1706 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।

**1700 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित**

इस परीक्षा में बॉयोलॉजी,कैमेस्टी जैसे विषयों के प्रश्न परीक्षार्थियों ने हल किए। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र कठिन रहा जिस प्रकार उम्मीद थी,उससे अलग प्रश्न पूछे गए। बतादें कि 50 पदों पर भर्ती के लिए व्यापम ने यह परीक्षा ली जिसमें परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया। ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं सत्यापन हो सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया। हल्के रंग के आधी बाही वाले कपडे व फुटवियर के रूप में चप्पल पहनकर आएं अभ्यर्थीयों को ही प्रवेश मिला।



### ये रहा वर्जित

परीक्षा केन्द्र में कान में किसी भी प्रकार का आभूषण धारण करना, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना वर्जित रहा। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा केन्द्र से बाहर जाना भी वर्जित किया गया था।

## खबर संक्षेप

### आज ग्रामीण अंचल में रहेंगे उप मुख्यमंत्री साव

**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक अरूण साव सोमवार 13 अप्रैल को भाजपा की 'गांव-बस्ती चलो अभियान' अंतर्गत जनचौपाल के तहत विभिन्न ग्रामो में शिरकत करेंगे। वे सर्वप्रथम दोपहर 12:30 बजे ग्राम कोसमतरा, दोपहर 1 बजे ग्रान जूनापानी, 3.30 बजे ग्राम घानाघाट एवं शाम 5 बजे ग्राम हरनाचाका में आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

### कराते में चयनित बच्चों का सम्मान



**गौरेला।** भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही 'खेलो इंडिया' में कराते में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित बच्चों के लिए गौरेला में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। खेलो इंडिया के तहत कराते खेल में तनिष्क यादव गौरेला, देवेंद्र यादव गौरेला, अमन नामदेव बिलासपुर, विपिन साहू बिलासपुर का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। चयनित बच्चों के लिए सम्मान समारोह गौरेला के रेस्ट हाउस तिराहे पर किया आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे ने बच्चों की और उनके कोच की प्रशंसा की और उनके उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने जल्द ही नए इंडोर स्टेडियम निर्माण की बात कही। कार्यक्रम को भाजपा नेता एवं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि तापस शर्मा आशीष गुप्ता, पूर्व पार्षद मनीष दुबे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन निलेश साहू ने एवं आभार प्रदर्शन किशन चक्रधारी ने किया।

### गाली-गलौज करने से मना करने पर युवक के साथ मारपीट


**तखतपुर।** साथ गाली-गलौज करने से मना करने पर बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार करनकापा निवासी सुंदर लाल यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 10 अप्रैल की रात 11 बजे उसके घर के सामने से सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद कौशिक जा रहा था, तभी अरूण ध्रुव एवं पिंटू ध्रुव उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। जब मना किया तो युवकों ने उसके साथ रते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115,2 296,3,5 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### पिकअप ने मारी दुपहिया को टक्कर, मामला दर्ज

**तखतपुर।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पिकअप चालक ने दुपहिया सवार को टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पड़रिया निवासी सोनू कैवर्त ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 11 अप्रैल को वह अपनी दुपहिया क्रमांक सीजी 10 बीवाय 3585 से तखतपुर से वापस जा रहा था, तभी सामने की ओर से आ रही पिकअप क्रमांक सीजी 10 बीडब्लू 1709 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।


## निधन

### रूपेन्द्र शर्मा



**बिलासपुर।** ग्राम भदौरा मस्तूरी निवासी रूपेन्द्र शर्मा का 11 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया। वे राजनीति विज्ञान विभाग में प्राध्यापक थे।

### अर्जुनलाल सोनी



**बिलासपुर।** सरकंडा दैहानपारा निवासी अर्जुनलाल सोनी तखतपुर अमौरा वाले का स्वर्गवास हो गया। जिनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में सोमवार सुबह 9.30 बजे किया जाएगा। वे राकेश सोनी, बब्बू सोनी के पिता थे।

## बेलतरा विस में 12 करोड़ से अधिक के कार्यों का शिलापूजन एवं लोकार्पण

# आदर्श क्षेत्र के रूप में स्थापित होगा बेलतरा: सुशांत





सिटी बस का लोकार्पण एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करते विधायक सुशांत शुक्ला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में रविवार को विकास उत्सव के रूप में मनाया गया। क्षेत्र में 12 करोड़ 16 लाख 97 हजार की लागत से विभिन्न जनहितकारी कार्यों का शिलापूजन एवं लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला रहे। इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी जनपद पंचायत अध्यक्ष बिल्हा रामकुमार कौशिक सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

सुबह 9 बजे कोनी बस डिपो से सिटी बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिससे शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच आवागमन और अधिक सुगम होगा। इसके बाद सभी अतिथि सिटी बस में सवार होकर राजकिशोर नगर स्थित हरश्रृंगार सामुदायिक भवन पहुंचे, जहां लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। राजकिशोर नगर स्थित हरश्रृंगार सामुदायिक भवन के लोकार्पण से मध्यमवर्गीय परिवारों को सामाजिक आयोजनों के लिए सुलभ एवं किफायती स्थान उपलब्ध होगा। मोपका में निर्मित 1 करोड़ लागत का "शहीद दीपक उपाध्याय उद्यान" अपने आप में अद्भुत और आकर्षक है। यह उद्यान शहरवासियों के लिए एक विशेष सौगात के रूप में विकसित किया गया है। भाड़ी में आयोजित शिलापूजन कार्यक्रम में विधायक का कर्मा दल एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वागत किया गया, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्सवमय बन गया। बेलतरा की जनता को बेहतर सड़क, परिवहन और आधारभूत सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता है। जो वादे किए गए थे, उन्हें हम धरातल पर उतार रहे हैं। आने वाले समय में बेलतरा एक आदर्श विधानसभा के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने आगे कहा कि सरकारी निर्माण कार्यों में हम सभी की सहभागिता आवश्यक है। यदि हमारे गांव या आसपास कोई निर्माण कार्य हो रहा है, तो उसकी जानकारी रखें और गुणवत्ता सुनिश्चित करने में सहयोग करें। यदि कहीं सीसी रोड या अन्य निर्माण कार्य हो रहा है, तो एक बाल्टी पानी डालकर भी हम अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। साथ ही यदि कहीं निर्माण में कोई कमी दिखाई दे, तो तत्काल अपने जनप्रतिनिधियों को अवश्य सूचित करें।

### ये रहे मौजूद


इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष रामकुमार कौशिक, शंकरदयाल शुक्ला, उमेश गौरहा, जनक देवांगन, बजरंग कश्यप, विक्रम सिंह, राजेन्द्र अग्रहरी, शैल भोई, कुंती मेहर, दारा सिंह, मनिदास मानिकपुरी, मनीष कौशिक, पवन कश्यप, मोनू रत्नाकर श्रीवास, तिलक साहू, रुपाली गुप्ता, ओमप्रकाश पांडेय, ममता अमित मिश्रा, रेखा सुर्यवंशी, ऋषभ चतुर्वेदी, योगेस्वर दुबे, शैलेष गोरख, अनिल पांडेय, जागेन्द्र कश्यप, ज्योतिष कश्यप, कमल पटेल, त्रिदेव रजक, पंचराम, लक्ष्मी सिन्हा, जय वाधवानी, पेशीराम जायसवाल एवं जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### सिटी बस सेवा: रूट एवं लाभ

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को अब सिटी बस सेवा का सीधा लाभ मिलेगा। यह सेवा कोरोना काल में अस्थायी रूप से बंद कर दी गई थी, जिसे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में पुनः प्रारंभ किया गया है। प्रमुख रूट में बिलासपुर रेलवे स्टेशन से गढ़वट मार्गः गांधी चौक, तोरवा चौक, मोपका चौक, राजकिशोर नगर, साइंस कॉलेज, तिफरा, सकरी, बैमा, नगोई, पौंसरा, लखराम, अकलतरी, सरवनदेवरी, बिलासपुर रेलवे स्टेशन से बेलतरा मार्गः तारबाहर चौक, पुराना बस स्टैंड, नेहरू चौक, सरकंडा, राजकिशोर नगर, मोपका, लगरा, रेंदा, पंती, मटियारी, मोहदा, सेंटर, खैरा, ढनगनिया, टेंकर, नेवसा, गिरौध, जाली, बिलासपुर रेलवे स्टेशन से रानीगांव मार्गः तारबाहर चौक, पुराना बस स्टैंड, नेहरू चौक, सरकंडा, कोनी, रमतला, सेंदरी, कछार, लोफंदी, अमतरा, चुककांवा, पेंडरवा इन रूटों के माध्यम से बेलतरा विधानसभा के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को सस्ती, सुरक्षित एवं सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

### सिटी बस सेवा बड़ी उपलब्धि

महापौर पूजा विधानी ने कहा कि "सिटी बस सेवा बेलतरा क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हमारा लक्ष्य है कि आम जनता को कम खर्च में बेहतर सुविधाएं मिलें और शहरी व ग्रामीण विकास के बीच संतुलन बना रहे। भाड़ी ग्राम पंचायत की सरपंच कुसमणिलता लक्ष्मी कश्यप ने बताया कि इस सड़क की मांग पिछले 20 वर्षों से की जा रही थी, जो अब विधायक सुशांत शुक्ला के प्रयासों से पूरी हो सकी। इसी प्रकार, सेलर-पौसरा सेतु के भूमिपूजन अवसर पर सरपंच भोलू सिंह ठाकुर ने पशु चिकित्सालय, उप स्वास्थ्य केंद्र एवं नहर रोड निर्माण की मांग रखी। इस पर विधायक ने शीघ्र कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन देते हुए कहा कि राजनीति केवल चुनाव तक सीमित नहीं होती, बल्कि इसके बाद जनप्रतिनिधियों का जनता से दिल का रिश्ता बनता है।



## सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए साव व धरमलाल

- भाजपा सरकार आदिवासी समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध : साव
- सामूहिक विवाह बहुत ही अच्छी पहल : धरमलाल

**सरगांव।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक सरगांव मोहभठ्ठा में आयोजित आदर्श गोंडवाना सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने समारोह में पारंपरिक गोंडी रीति-रिवाजों से परिणय सूत्र में बंधे 19 नवविवाहित जोड़ों को वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया।

इस दौरान उन्होंने सामाजिक समरसता और जनजातीय परंपराओं के महत्व को सराहा। उपमुख्यमंत्री साव ने इस तरह के सामूहिक आयोजनों को समाज के लिए एक अच्छा संदेश बताया और नव दंपतियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि, हमारी सरकार आदिवासी समाज के उत्थान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। गोंडवाना संस्कृति के मानने वाले हमारे सभी आदिवासी भाई प्रकृति के पुजारी हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातियों को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। पूर्व विधानसभा अधताक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि, सामूहिक विवाह बहुत ही अच्छी पहल हैं। इस तरह के आयोजन से न केवल समाज संगठित होता है, बल्कि फिजूलखर्ची पर भी रोक लगती है। उन्होंने आगे कहा कि, यह आयोजन हमारी समृद्ध जनजातीय परंपराओं, सामाजिक एकता, सादगी और समरसता का जीवंत उदाहरण है। ऐसे सामूहिक विवाह न केवल सामाजिक बंधनों को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज को संगठित कर विकास की दिशा में भी प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष, सहित कार्यकर्ता गण एवं आमजन बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

**15.90 लाख के सामुदायिक भवन का लोकार्पण-** इस मौके पर मंडी बोर्ड से स्वीकृत 15.90 लाख के सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि, आवश्यकता पड़ने विकास के लिए और राशि दी जाएगी, ताकि आदिवासी समाज कई बड़े सामाजिक कार्यो को बड़ी आसानी से कर सकें।




## डीएवी वेद परसदा में आरटीई के तहत निशुल्क पुस्तक वितरण

**मस्तूरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल वेद परसदा में शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक प्रतिबद्धता निभाते हुए आरटीई के अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया, जिससे विद्यार्थियों के चेहरों पर उत्साह एवं आत्मविश्वास झलक उठा।

कार्यक्रम में कांग्रेस नेता पुत्तन दुबे, भाजपा नेता केके उपाध्याय, उपसरपंच नरसिंह नाथ पटेल, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय अंचल, नोडल अधिकारी सीमा चंदेल ने विद्यार्थियों को पुस्तकें प्रदान की। अतिथियों ने शिक्षा के महत्व, अनुशासन एवं निरंतर अध्ययन की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को लगन एवं परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने अभिभावकों को संदेश दिया कि, वे अपने बच्चों को प्रतिदिन नियमित रूप से विद्यालय भेजें, उन्हें मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से दूर रखें तथा शिक्षा के प्रति जागरूक बनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्राचार्या श्वेता श्रीवास्तव ने भी विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### उप निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के लिए निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दी गई है। निर्धारित अर्हता तिथि 1 अप्रैल के आधार पर तैयार प्रारंभिक निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 13 अप्रैल को किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक संबंधित रिक्त पदों के लिए तैयार प्रारंभिक निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने, संशोधन एवं विलोपन संबंधी दावा–आपत्तियां निर्धारित प्रपत्रें में स्वीकार की जाएंगी।

### गांव चलो बस्ती चलो अभियान में शामिल हुए बिल्हा विधायक

## भाजपा के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है अभियान

**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम पंचायत हरदी कला के गुड़ी चौक में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने आस पास के ग्रामीणों को राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही विभिन योजनाओं पर जागरूक किया। ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को जाना। सभी के सहयोग से गांव के समग्र विकास एवं सशक्त भारत निर्माण के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। इस मौके उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करेगा, बल्कि जन-जन के विश्वास और सहभागिता से विकास की नई दिशा भी तय करेगा। यह अभियान भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसका उद्देश्य गांव-गांव तक पहुंचकर जनसंवाद स्थापित करना, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ना है।




## गांव चलो-बस्ती चलो अभियान, 47 किसानों को किया सम्मानित

**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में उत्साह, गरिमा और जनसहभागिता के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में 'गांव चलो-बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत किसान मोर्चा मंडल सकरी के शक्ति केंद्र चिचीरदा में प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें अन्नदाताओं के सम्मान के माध्यम से भाजपा की किसान हितैषी नीति का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत उपस्थित रहे। उनके नेतृत्व में क्षेत्र के 47 मेहनतकश किसानों का सम्मान कर उन्हें अंगवस्त्र सम्मान प्रतीक भेंट किया गया। पूरे आयोजन में राष्ट्रभक्ति, संगठन शक्ति और किसान गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिला। दिनेश राजपूत ने कहा कि, भाजपा का स्थापना दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, अंत्योदय और गरीब कल्याण के संकल्प को दोहराने का दिवस है। कार्यक्रम को किसान मोर्चा पूनम शुक्ला, रामसेवक कुशवाहा एवं धर्मेंद्र चंद्राकर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सतीश यादव, मंडल



अध्यक्ष राकेश भोसले संजय भोसले, प्रदीप शर्मा, पूनम शुक्ला, गोलू सूर्यवंशी, नंदनी सूर्यवंशी, क्रांति सूर्यवंशी, दिलबाई सूर्यवंशी, शैलाबाई सूर्यवंशी, गोपाल राव भोपाल, उमेश सूर्यवंशी, मोहन सिंह साहिल, ललित कौशिक, वर्मा कौशिक, स्नेहा साहू, दिनेश साहू भोपाल, नवनीत कौशिक, सुमाल टेकाम, आयुष साहू, सुनील राव, राजू साहू, देवराज कौशिक, रघुनंदन साहू, बोधराम राव, परमेश्वर साहू, गजेन्द्र तिवारी, यशराज कौशिक, राम तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित किसान उपस्थित रहे।



## महिलाओं को सशक्त बनाने भाजपा ने बनाई अनेक योजनाएं: खान

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर शुरू हुए गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा के प्रभारी गांव गांव में एवं वार्ड तथा बस्ती में पहुंच रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री तथा जांजगीर चांपा जिले के कार्यक्रम प्रभारी तौसीफ खान ने जांजगीर चांपा जिले में जनसंपर्क करते हुए बिरगहनी ग्राम पंचायत में पहुंचकर केंद्र में मोदी सरकार की उपलब्धि पर ग्रामीणों से रूबरू हुए।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना अमृत मिशन योजना नल जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अलावा छत्तीसगढ़ सरकार डबल इंजन के सरकार की उपलब्धि बताते हुए महतारी वंदन योजना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं तथा आम जनों से चर्चा की है। इसी के साथ ही, केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आखिरी घर तक गांव में पहुंचे इसके लिए कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी की। गांव गांव में केंद्र और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं, उज्ज्वला योजना आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि किसानों को खाद बीज की पर्याप्त उपलब्ध उपलब्धता तथा नल जल योजना के तहत हर घर में पानी पहुंचाने, चावल उत्सव को लेकर भी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारी तौसीफ खान ने गांव में पहुंचकर चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं बनाई हैं। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। जनसंपर्क करते हुए अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारी तौसीफ खान ने गांव-गांव में सभी बुथ में स्वच्छता तथा प्रधानमंत्री आवास को लेकर भी चर्चा की। बैठक में प्रमुख रूप से सिकंदर खान, संतोष सिंह जब्बल, मोहम्मद सलीम खान , समसुद्दीन अंसारी, सऊदीन अंसारी, बिलासपुर के जिला अध्यक्ष मुशर्रफ़ खान, सोशल मीडिया प्रभारी शहीद रजा, रियाज रजा, शिशुपाल सिंह, ग्राम पंचायत लक्षनपुर के सरपंच गेंदराम कुर्रे, हरीश साहू, हांजी खैरात रिजवी, हुसैन खान ,इरशाद बेग, नईम सौदागर मोहम्मद अली समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बैठक में मौजूद थे सभी ने अपने सुझाव भी दिए।

## शासकीय स्कूल कुकदा में 'पढ़ई तिहार'



**खमरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला कुकदा में 'पढ़ई तिहार' बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नौनिहाल सहित माताओं ने शिरकत की। बालवाड़ी प्रभारी रानी साहू ने माताओं से चर्चा कर बताया कि, कैसे हम विभिन्न घरेलू कार्य करते हुए अपने बच्चों को कक्षा की गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। इससे पहले 9 काउंटर्स के माध्यम से बच्चों की माताओं के गतिविधियां कराई गईं, जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों का उत्साह वर्धन हेतु बॉटल, पेंसिल भी प्रदान की गई।

पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों की स्वास्थ्य ,साफ-सफाई पर ध्यान देने वाली माताओं को स्मार्ट माताओं का ताज भी पहनाया गया, जिसमें ललिता साहू प्रमुख रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था प्रमुख प्राचार्य प्रमिला पाल प्रधान पाठक परमेश्वर सिंह मरकाम, श्रवण कुमार देवांगन, सत्यनारायण राठौर, बजरंग प्रसाद बरेठ, सोहन लाल राज, चमेली जायसवाल, ईश्वरी जायसवाल का विशेष योगदान रहा।

## कल्याणिका स्कूल में बाल मेला, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**पेंड्रा।** मां कल्याणिका पब्लिक स्कूल में बाल मेले का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की नई प्राचार्य शैलजा स्वामी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनकी प्रतिभा को निखारने का सराहनीय प्रयास किया। उन्होंने कहा कि, इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने, नई चीजें सीखने और रचनात्मक गतिविधियों में भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं। बाल मेले में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल, विज्ञान मॉडल, कला एवं शिल्प प्रदर्शन, खेल गतिविधियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनकी अतिथियों एवं अभिभावकों ने खूब सराहना की। यह आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुआ। कार्यक्रम के दौरान नपा पेंड्रा अध्यक्ष राकेश जालान एवं पूर्व नपं अध्यक्ष इकबाल सिंह उपोवेजा ने विद्यालय पहुंचकर नई प्राचार्य शैलजा स्वामी से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। राकेश जालान ने कहा कि, बाल मेला




जैसे आयोजन बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने का सशक्त माध्यम हैं। इससे बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने विश्वास जताया कि, नई प्राचार्य के मार्गदर्शन में विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। अंत में विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## ग्राम टांडा में अखंड ज्योति पाठक सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

ब्लाक अंतर्गत ग्राम टांडा में अखंड ज्योति पाठक सम्मेलन का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां गायत्री परम पूज्य गुरुदेव एवं वंदनीय माताजी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर आरती के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक नंदीनी पाटनवार, उप जोन सह समन्वयक रामकुमार श्रीवास, पूर्व ट्रस्टी गणेश श्रीवास, छेदीलाल कश्यप, जागेश्वरी साहू जिला संयोजिका भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा नरोत्तम कौशिक ने अपने अनुभव बताए। गुरुदेव के द्वारा 1938 में पत्रिका का लेखन एवं वितरण स्वयं अपने हाथों से शुरू किया गया जो आज के समय में अखिल विश्व गायत्री परिवार के माध्यम से देश-विदेश में 10 भाषाओं में 30 लाख से अधिक पाठकों के बीच में पत्रिका का पाठन एवं आम लोगों के बीच में लोकप्रिय पत्रिका के रूप में पहुंच रहा है।

पत्रिका के माध्यम से गुरुदेव के विचारों का घर-घर जन-जन के पास पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन राम कुमार श्रीवास के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश साहू थे। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच संजय कौशिक उधोराम प्रजापति भारत श्रीवास बहुरा साहू मंतराम साहू अश्वनी कौशिक जगन्नाथ कौशिक राकेश कौशिक चित्रकांत कौशिक सोनाऊ साहू मदन साहू जगदीश साहू देव प्रसाद कश्यप केजाराम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पाठक उपस्थित रहे।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित जानकारी किया जाता है कि मेरे द्वारा मुकेश कुमार कुर्रे पिता रविदास कुर्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम पीपरतराई तहसील कोटा जिला बिलासपुर इनके नाम पर अनुबंधित भूमि मौजा मोहनभाटा प.ह.नं. 20 रा.नि. गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि का खसरा नं. 108/1 रकबा 0.247 हे. 0.61 डिसमिल एवं 108/2 रकबा 0.247 हे. 0.61 डिसमिल कृषि भूमि जिसके मूल भूस्वामी साधेलाल एवं शोभाराम दोनो पिता दुलार जाति सतनामी निवासी ग्राम मोहनभाटा तह. कोटा उक्त कृषि भूमि का मुकेश कुमार कुर्रे पिता रविदास कुर्रे को बयाना राशि देकर के रजि. नोटरी इकरारनामा करा लिया गया है। सीमांकन कराने के पश्चात रजि पंजीयन होना था। मुझे स्वयं के जानकारी में ज्ञात हुआ कि मुकेश कुमार कुर्रे, साधेलाल एवं शोभाराम के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को जमीन को बेचने का प्रयास किया जा रहा है। चुकि मेरे द्वारा यह सूचित किया जा रहा है कि मेरी जानकारी के बगैर चोरी छिपे विक्रय कर दिया जाता है तो विक्रेता खरीददार को वाद विवाद कब्जा कानूनी उलझन का सामना करना पड़ जायेगा। सो सूचना जानें।

भवदीय- अजय गुप्ता
पिता स्व. रतनलाल निवासी
व्यापार विहार रतन प्लाजा मो.
9993770950, 9827485990

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### पशुओं की प्यास बुझाने सेवा भारती संस्था ने किया कोटना वितरण




**मुंगेली।** सेवा भारती संस्था की ओर से लगातार गौरक्षा के लिए प्रयास किए जाते रहे हैं। इसी क्रम में पशुओं की प्यास बुझाने के लिए कोटना का वितरण किया गया। समिति के सदस्यों ने नागरिकों से सहयोग मांगते हुए पशु-पक्षियों के लिए घरों-घर कोटना वितरण का कार्य किया गया था, ताकि पशुओं को पानी कि व्यवस्था की जा सके। पिछले 2-3 वर्षों से सेवा भारती द्वारा नगर में पशुओं के लिए कोटना रखा जाता रहा है। कार्य का शुभारंभ राजेंद्र वैष्णव ने किया।

### आरोही सैनिक स्कूल, सुदीप नवोदय के लिए चयनित

**मुंगेली।** नवोदय कोचिंग सेंटर की प्रतिभावान छात्र आरोही शर्मा का चयन सैनिक विद्यालय एवं सुदीप





चतुरगोष्ठी का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। नवोदय कोचिंग के संचालक कृष्ण चंद्र ताम्रकार ने इनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। नवोदय कोचिंग सेंटर विवेकानंद वार्ड में स्थित संस्थान से प्रतिवर्ष नवोदय विद्यालय में बच्चों का चयन होता है। उल्लेखनीय है कि, यह कोचिंग सेंटर वर्ष 2016 से संचालित हो रहा है।

### विवेक बने ब्राह्मण विकास परिषद तखतपुर के अध्यक्ष

**तखतपुर।** छग ब्राह्मण विकास परिषद तखतपुर के अध्यक्ष के रूप में विवेक पांडे निर्वाचित किए गए



हैं, वहीं युवा शाखा का अध्यक्ष अभय कांत शर्मा को नियुक्त किया गया है। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर विवेक पांडेय ने कहा कि, समाज के सभी वरिष्ठ लोगों के साथ मिलकर सामाजिक कार्यों पर जोर दिया जाएगा और संगठन को मजबूत बनाने के लिए वरिष्ठ लोगों के साथ सलाह लेकर उसे पर काम किया जाएगा।

अध्यक्ष प्रत्याशी ने विरोध जताया- छत्तीसगढ़ ब्राह्मण विकास परिषद के चुनाव प्रक्रिया में समिति के अन्य सदस्यों ने चुनाव समिति के सचिव की बात को नहीं माना, जिसके कारण अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अनिरुद्ध द्विवेदी का नामांकन निरस्त कर दिया गया। इसके कारण दूसरे अभ्यर्थी को जानबूझकर निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया। इस पर अनिरुद्ध द्विवेदी ने चुनावी प्रक्रिया का विरोध करते हुए अध्यक्ष पद के लिए फिर से नामांकन कर चुनाव प्रक्रिया कराने की मांग की है।

### चित्रकला प्रतियोगिता में पूर्वजा को द्वितीय स्थान

**मुंगेली।** नगर की पूर्वजा जायसवाल ने चित्रकला प्रतियोगिता में रायपुर के 'नटरंग कला एवं संस्कृति



महोत्सव' में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कला के क्षेत्र में मुंगेली जिले की प्रतिभाएं लगातार अपनी पहचान बना रही हैं। इसी क्रम में मुंगेली की प्रतिभावान छात्र पूर्वजा जायसवाल ने रायपुर में आयोजित प्रतिष्ठित 'नटरंग कला एवं संस्कृति महोत्सव' की चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। राजधानी रायपुर में आयोजित इस कला महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पूर्वजा ने अपनी सृजनात्मक सोच, रंगों के सुंदर संयोजन और प्रभावशाली चित्रंकन से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। पूर्वजा वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम जायसवाल की नातिन एवं सचिन जायसवाल की सुपुत्री हैं। पूर्वजा की इस उपलब्धि से परिवार, मित्र और नगरवासियों में हर्ष का माहौल है।

### जिपं अध्यक्ष पांडेय ने की दिल्ली सांसद बांसुरी से भेंट



**मुंगेली।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने दिल्ली प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान श्रीकांत पांडेय ने पुराने दिनों को याद करते हुए पूर्व विदेश मंत्री स्व सुषमा स्वराज से अपनी मुलाकात का उल्लेख किया। मुलाकात के दौरान बांसुरी स्वराज ने भी उसी अपनत्व और विनम्रता के साथ उनकी बातें सुनीं और प्रसन्नता व्यक्त की कि, पार्टी के पुराने और समर्पित कार्यकर्ता आज भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे। यह मुलाकात न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण रही, बल्कि पुराने संबंधों और विचारों के आदान-प्रदान का एक भावनात्मक क्षण भी साबित हुई।

पुलिया तक पहुंचने सड़क ही नहीं, नीचे से आना-जाना कर रहे लोग

# अनियमितता की भेंट चढ़ी आमा झिरिया पुलिया, लोग परेशान

**भर्रीडांड़।** इंजीनियरिंग का कमाल तो आपने बहुत देखा होगा, लेकिन जीपीएम जिले के मरवाही ब्लॉक से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जहां पुल तो बना, लेकिन पुल तक पहुंचने के लिए रास्ता ही नहीं बचा। लगभग 10 लाख की लागत से बना यह पुल आज ग्रामीणों के लिए सुविधा नहीं, बल्कि जानलेवा मुसीबत बन गया है।

मरवाही ब्लॉक का ग्राम पंचायत मगुरदा का आमा-झिरिया नाला बारिश के दिनों में उफान पर रहता है। मानसून आते ही आमा-झिरिया नाले के कारण कई मोहल्ले अपनी ही पंचायत से कट जाते हैं। कटरा और कांसबहरा जैसे गांवों तक पहुंचने का भी यह मुख्य रास्ता है, ऐसे में पानी भरने पर लोगों को 10 किलोमीटर का चक्कर लगाकर जाना पड़ता है। इसी दूरी को कम करने के लिए साल भर पहले यहां एक पुल का निर्माण कराया गया था।



दावा था कि, 10 लाख की लागत वाला यह पुल लोगों की राह आसान करेगा, लेकिन हुआ इसके उलट। पहली ही बारिश ने भ्रष्टाचार की पोल खोल दी। पुल के दोनों ओर की मिट्टी की सड़क बह गई और अब पुल का स्ट्रक्चर सड़कों से टूटकर बीच में खड़ा है। वहीं पुल को कांक्रीट की मजबूत नींव के बजाय महज पत्थरों के ऊपर टिका दिया गया है। नाले की चौड़ाई और पानी की रफ्तार के मुकाबले पुल को इतना छोटा बनाया गया कि, वह पानी का दबाव झेल ही नहीं पाया। अब लोग इस सफेद हाथी बन चुके पुल के किनारे, खेतों की ऊबड़-खाबड़ पगडंडियों से होकर गुजरने को मजबूर हैं। जंगल के अंदर होने के कारण यहां अक्सर लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। जिसके बाद ठेकेदार के निर्माण, इंजीनियर के मूल्यांकन सत्यापन और पंचायत की जिम्मेदारी पर एक सवाल खड़ा कर दिया। मामले पर जनपद सीईओ ने बताया कि, मामले की जांच कराई जाएगी। लेकिन सवाल वही है कि, जांच कब तक चलेगी और इस हवा में झूलते पुल से ग्रामीणों को मुक्ति कब मिलेगी।

#### मौका सत्यापन होगा

मौका सत्यापन करवाया जाएगा, यदि इस तरह से बहाव के कारण छतिग्रस्त हुआ है, तो उस पर किस तरह से यातायात सुचारू रूप से चल सके इस पर काम किया जाएगा। संबंधित इंजीनियर से रिपोर्ट ली जाएगी व जांच के बाद कार्रवाई होगी।

**-मुकेश रावटे,** जिपं सीईओ

## एकलव्य विद्यालय में समरसता सप्ताह के तहत कार्यक्रम



**मुंगेली।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर 'समरसता सप्ताह' के दूसरे दिन प्रेरणादायी ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए डॉ अंबेडकर के जीवन एवं उनके विचारों पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका बिनंदिता सरकार एवं शिक्षक सतीश शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक समरसता, समानता, एकता एवं संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विद्यार्थियों को डॉ अंबेडकर के संघर्षमय जीवन, उनके अद्वितीय योगदान तथा भारतीय समाज में उनके द्वारा स्थापित आदर्शों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं गंभीरता के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और महत्वपूर्ण सीख ग्रहण की। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने अपनी-अपनी कक्षाओं में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि प्रत्येक छात्र-छात्रा इस प्रेरणादायी प्रस्तुति से लाभान्वित हो सके। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक वातावरण एवं प्रेरणादायी संदेशों के साथ हुआ। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावशाली बताया।

## सेंधमारी कर 10 बकरियों की चोरी, इलाके में हड़कंप

**पथरिया।** थाना क्षेत्र पथरिया अंतर्गत ग्राम बैजना में एक किसान परिवार के यहां बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में कोठा की दीवार में सेंध मारकर 10 बकरा-बकरी पार कर दिए, जिससे पीड़ित परिवार को लगभग 80 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेती-किसानी एवं घरेलू कार्य कर अपना जीवनयापन करने वाली ग्राम बैजना निवासी महिला ने बताया कि, उनके पास कुल 10 बकरा-बकरी थे, जिनकी देख-रेख उनके पति नेतराम साहू करते थे। महिला ने बताया कि, 10 अप्रैल को उनके पति रिश्तेदार के यहां ग्राम ढोठमा गए हुए थे। महिला ने शाम 5 बजे पशुओं को कोठा से निकालकर आंगन में रखा और रात करीब 8 बजे खाना खिलाकर फिर से बांध दिया। महिला के अनुसार उसके सोने से पहले रात करीब 9:30 बजे तक सब




कुछ सामान्य था, लेकिन लेकिन अगली सुबह 11 अप्रैल को जब उसने सुबह 6 बजे उठकर देखा तो उसके होश उड़ गए। कोठा की दीवार टूटी हुई थी, और अंदर बंधे सभी 10 बकरियां गायब थीं।

#### शीघ्र होगी गिरफ्तारी

दीवार में सेंध मारकर 10 बकरा-बकरी चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

- गिरजाशंकर यादव
थाना प्रभारी पथरिया

## गांव चलो-बस्ती चलो अभियान विधायक मोहले पहुंचे हथनीकला

**पथरिया।** भारतीय जनता पार्टी लौदा मंडल अंतर्गत 'गांव चलो-बस्ती चलो' अभियान के तहत ग्राम हथनीकला में सार्वजनिक स्थल पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की



विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, लौदा मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी ने इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर ग्रामीण महिला-पुरुषों से संपर्क कर उनका विचार जाना।

इसी क्रम में अभियान के तहत मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ग्राम हथनिकला पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों के घर-घर जाकर संपर्क किया। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, भाजपा की डबल इंजन की सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और ग्रामीणों के जनकल्याण की योजनाओ के माध्यम से विकसित गांव का सपना साकार करने पूरी क्षमता से काम कर रही है। प्रभारी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने कहा कि, भाजपा सेवा भाव, अंत्योदय, विकास और राष्ट्र प्रथम के अवधारणा को गांव-गांव तक पहुंचाने हमारे जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर सम्पर्क अभियान चला रही है। इस दौरान हथनीकला सरपंच सुषमा प्रीतम कोशले सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्राम कपुआ में जनसंपर्क का आयोजन किया गया, जहां कपुआ प्रभारी व भाजपा पथरिया मंडल महामंत्री बलराम जायसवाल, जिला आईटी सेल सहसंयोजक महेंद्र गुप्ता, ग्राम कपुआ सरपंच शशि रामप्रसाद घृतलहरे के साथ भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

## कुर्मी क्षत्रिय महासभा की बैठक में जिला कार्यकारिणी गठित



**जरहागांव।** ग्राम पंचायत बिरगांव में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की महत्वपूर्ण एवं संगठित बैठक हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुमार राज कश्यप उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यानंद चंद्राकर ने की। मुख्य अतिथि ने संगठन की मजबूती पर विशेष बल देते हुए कहा कि, यदि समाज को आगे बढ़ाना है तो संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना अनिवार्य है। इसी उद्देश्य से उन्होंने निर्देशित किया कि, जिला कार्यकारिणी का गठन शीघ्र पूर्ण कर उसकी सूची प्रदेश कार्यालय को भेजी जाए, ताकि आगे की गतिविधियों को गति मिल सके। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से संगठन के विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं, जिनमें जिला उपाध्यक्ष के रूप में विनोद कश्यप, ग्राम प्रमुख शैलेंद्र कश्यप, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार कश्यप, सचिव ईश्वर कश्यप एवं कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी गोपाल कश्यप को सौंपी गई। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में देवाराम कश्यप, हेम कश्यप, जग्गू कश्यप एवं ओंकार कश्यप को शामिल किया गया। साथ ही प्रत्येक वार्ड में अध्यक्ष भी नियुक्त किए गए, जिसमें भूपेंद्र कश्यप, सचिन कश्यप, आर्यन कश्यप, छत्रपाल कश्यप, ओम कश्यप, दीपचंद कश्यप, धीरेंद्र कश्यप, समीर कश्यप एवं चंद्रशेखर कश्यप सहित अन्य शामिल हैं।

## महिला के गले से सोने की चेन लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** दुपहिया वाहन में सवार महिला के गले से सोने की चैन लूट कर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गणेश नगर बिलासपुर



निवासी प्रार्थी मुरेश कुमार ध्रुव ने 6 फरवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह पत्नि के साथ मेला घूमकर दुपहिया से रिश्तेदार के यहां पोंगरिहा जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में अज्ञात दुपहिया सवार उनकी पत्नि के गले से सोने की चैन झपटकर फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घटना के आरोपी मोहन कुमार कोल को मोढ़े चौक के पास धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी को थाने ले जाकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। जांच उपरांत पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 304, 3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई शुरू की।

### प्रांतीय गोर्खाली समाज की प्रांतीय महासभा का हुआ आयोजन

**कोरबा।** पं.मुकुटधर पाण्डेय साहित्य भवन समिति में प्रांतीय गोर्खाली समाज छग का चौथा साधारण सभा का आयोजन किया गया। पशुपति नाथ नेपाली सेवा समिति के अध्यक्ष कृष्ण बहादुर क्षेत्री के मुख्य अतिथि का संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष कृष्ण बहादुर गौतम के द्वारा मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया। कोषाध्यक्ष उदय बहादुर सुब्बा के द्वारा समाज के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष श्रीमती शकुन गुरुंग और केन्द्रीय सचिव श्रीमती ललिता सिंह के द्वारा आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी।

## शादी का झांसा देकर युवती के साथ अनाचार, आरोपी गया जेल

**मुंगेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में बलात्कार, एससी-एसटी एक्ट के प्रकरण में 1 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जानकारी के



अनुसार, 25 मार्च को पीड़िता ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, आयुष सिंह निवासी घुठेली ने इंस्ट्राग्राम के माध्यम से दोस्ती कर उसे अपने प्रेमजाल मे फंसाया एवं शादी का झांसा देकर वर्ष 2023 से लगातार तीन वर्षों तक उसका शोषण किया। शिकायत पर आरोपी के विरूद्ध धारा 64 (2)(एम) बीएनएस 5(एल), 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। नाबालिग बालिका से संबंधित मामला होने से प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने त्वरित कार्रवाई के निर्देशि दिए। मामले में एट्रोसिटी की धारा 3(2)(व्ही) जोड़ी गई एवं आगे की कार्रवाई शुरू की गई। विवेचना के दौरान सभी साक्ष्य एकत्रित किए गए एवं अपराध प्रमाणित होने पर जाने पर आरोपी आयुष सिंह की तलाश शुरू की गई। इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर 11 अप्रैल को ग्राम चातरखार के पास घेराबंदी कर आरोपी आयुष सिंह पिता ओंकार सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी घुठेली को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपराध स्वीकर करने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## आग से जलाकर पत्नी की हत्या का प्रयास, आरोपी गया जेल

**लोरमी।** चरित्र शंका को लेकर पत्नी के ऊपर डीजल डालकर आग लगाकर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को चिल्फी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।चिल्फी पुलिस ने



बताया कि, आरोपी सतीश सोनवानी निवासी सेनगुड़ा थाना चिल्फी 16 मार्च को सुबह लगभग 8 बजे चरित्र शंका करते हुए अपनी पत्नी को जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर डीजल डालकर आग लगा दी एवं उसे जलते हुए हालत में छोड़कर फरार हो गया। घटना के संबंध में प्राप्त अस्पताली मेमो के आधार पर जांच के बाद 9 अप्रैल को थाना चिल्फी में धारा 109 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साक्ष्य एकत्रित कर मुखबिर एवं तकनीकी सहायता से आरोपी सतीश सोनवानी पिता लौंजराम उम्र 35 वर्ष निवासी सेनगुड़ा थाना चिल्फी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। 10 अप्रैल को आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

## शराब तस्करी व सट्टे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

**लोरमी।** सायबर सेल एवं स्थानीय पुलिस ने एक शराब तस्करी के एक आरोपी से 50 पाव देशी प्लेन मदिरा सहित बाइक एवं सट्टे के 2 प्रकरण में सटोरियों से नकद, सट्टा-पट्टी



व मोबाइल जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि, मुखबिर सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 10 अप्रैल को ग्राम महरपुर तिराहा मे अरविन्द राजपूत उर्फ छोटू उम्र 30 वर्ष निवासी महरपुर के कब्जे से 50 नग देशी प्लेन शराब सहित तस्करी में प्रयुक्त बाइक होंडा साइन सीजी 28 एल 2409 को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं वहीं सट्टे के मामले पर कार्रवाई करते हुए लोरमी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गाड़ाटोला में दिनेश ध्रुव उम्र 40 वर्ष निवासी गाड़ाटोला एवं बोधन खुंटे उम्र 34 वर्ष निवासी पौनी थाना फास्टरपुर के कब्जे से सट्टा-पट्टी सहित नकद 2 हजार 100 रूपए व 2 मोबाइल जब्त किया गया एवं आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई।

## ओवरटेक के चक्कर में भिड़े ट्रेलर और टैंकर, चालक घायल

**कोरबा।** कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे 130 पर बीती रात दो वाहनों की भिड़ंत में एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ओवरटेक के चक्कर में यह हादसा हुआ। इस घटना के कारण हाइवे पर कुछ घंटे जाम की स्थिति रही। हाइवे पेट्रोलिंग और स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंच जरूरी कोशिश की और आवागमन को बहाल कराया। रात्रि 11 बजे के आसपास यह घटना हुई। कोरबा जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर लालघाट में एनएच पर यह दुर्घटना हुई। इसे लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार एक बाइक को बचाने के दौरान ट्रेलर अनियंत्रित हो गया और सामने से आ रहे टैंकर से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद दोनों चालकों ने एक-दूसरे पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# तालाबों का निरीक्षण कर दिए जल संरक्षण के सुझाव

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध प्राकृतिक एवं परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए 'अरपा बचाओ अभियान यात्रा' 11 अप्रैल को पेंड्रा स्थित अरपा उद्गम पहुंची। इस दौरान बिलासा कला मंच बिलासपुर के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में अभियान के संयोजक डॉ सोमनाथ यादव ने कहा कि, जल संकट से निपटने के लिए सामूहिक जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में तालाब, कुएं और नदियों जैसे पारंपरिक जल स्त्रोत गांव-गांव में मौजूद हैं, लेकिन मानवीय लापरवाही और अंधाधुंध दोहन के कारण जल संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि, अरपा नदी सहित प्रदेश की अधिकांश नदियां सूखने की कगार पर हैं, जबकि नदियां न केवल पेयजल का स्त्रोत हैं बल्कि कृषि, उद्योग, ऊर्जा उत्पादन और जैव विविधता के लिए भी जीवनरेखा हैं। कार्यक्रम में अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति पेंड्रा के संरक्षक रामनिवास तिवारी और संयोजक अक्षय नामदेव ने भी अपने विचार रखे। रामनिवास तिवारी ने बताया कि, उनकी जनहित याचिका पर बिलासपुर हाईकोर्ट द्वारा अरपा नदी के उद्गम सहित अन्य नदियों के संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है। इस दौरान डॉ सोमनाथ यादव, डॉ सुधाकर बिबे, राजेंद्र मौर्य सहित अन्य अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। अरपा बचाओ अभियान यात्रा के दौरान लखन घाट में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में डॉ सोमनाथ यादव ने अरपा उद्गम के संरक्षण में योगदान देने वाले रामनिवास तिवारी और अक्षय नामदेव का शाल-श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मान किया।

- अरपा बचाओ अभियान यात्रा पहुंची अरपा उद्गम स्थल




### धनपुर के तालाबों का निरीक्षण

अरपा बचाओ अभियान दल एवं अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति ने संयुक्त रूप से धनपुर पहुंचकर भंवतरा सोभनाथ सरोवर, गोरा सरोवर सहित अन्य तालाबों का निरीक्षण किया। बताया गया कि, क्षेत्र में पौराणिक मान्यता के अनुसार पांडवों द्वारा 365 तालाबों का निर्माण किया गया था, जिनमें से लगभग 200 आज भी अस्तित्व में हैं। अभियान दल ने भंवतरा तालाब में जल की कमी पर चिंता जताते हुए बागड़ी बांध से नहर के माध्यम से पानी लाकर जलभराव करने की मांग की। उनका कहना है कि, इससे सिंचाई, पर्यटन और क्षेत्र के जलस्तर में सुधार होगा।

## शिक्षक ने लिया मृत्यु उपरांत देहदान का संकल्प

**जरहागांव।** क्षेत्र के कोना मिडिल स्कूल में पदस्थ शिक्षक रामभरोस कश्यप ने मानवता और समाजसेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए मृत्यु उपरांत अपना शरीर दान करने का संकल्प लिया है।



उन्होंने छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर के शरीर रचना विभाग में विधिवत घोषणा पत्र भरकर यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया। घोषणा पत्र के अनुसार, आरबी कश्यप ने स्पष्ट रूप से अपनी इच्छा जताई है कि, उनके निधन के बाद उनका शरीर चिकित्सा अध्ययन एवं अनुसंधान के लिए उपयोग में लाया जाए। इस सराहनीय पहल से मेडिकल छात्रों को मानव शरीर की संरचना को समझने में मदद मिलेगी, जिससे वे भविष्य में बेहतर चिकित्सक बन सकेंगे। उन्होंने अपने परिजनों की सहमति से यह निर्णय लिया है और यह भी उल्लेख किया है कि, उनके इस संकल्प पर किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। साथ ही मृत्यु के पश्चात संस्थान को समय पर सूचना देने की जिम्मेदारी परिजनों को सौंपी गई है, ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके। संस्थान के अधिकारियों ने श्री कश्यप के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि, यह कदम समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायक है।

## खबर संक्षेप

### म्यूल बैंक खाताधारक के खिलाफ जुर्म दर्ज



**बिलासपुर।** पुलिस ने म्यूल बैंक खाताधारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, भारत शासन द्वारा संचालित पुलिस पोर्टल जेएमईएस के माध्यम से बैंक ऑफ महाराष्ट्र के संदिग्ध बैक खाताधारक सकलैन आबिद पिता आबिद हुसैन जतिया तालाब जरहाभाठा पन्ना नगर निवासी के द्वारा खुलवाया गया है। उसने अपने बैंक एकाउंट से विभिन्न बैंक एकाउंट में यूपीआई / एटीएम विड्रल माध्यम से रकम स्थानांतरित व आहरित किया है। उक्त बैंक खाता से ठगी रकम लेनदेन करने की आशंका है। पुलिस ने बैंक खाता धारक सकलैन आबिद के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 323, 61, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### आरोपियों की जेल से रील वायरल, प्रहरी हटाए गए

**बिलासपुर।** मस्तूरी गोलीकांड के आरोपियों की जेल के अंदर से फोन में बात करते हुए वीडियो रील वायरल होने से सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। कार्रवाई के नाम पर मात्र मुलाकाती कक्ष के प्रहरी को हटाकर खानापूर्ति कर ली गई है। इंस्टाग्राम में मस्तूरी गोलीकांड के आरोपियों की जेल के अंदर से फोन बातचीत करते हुए रील वायरल हो रहा है। आरोपी ने मस्तूरी किरारी निवासी नितेश सिंह की हत्या करने के लिए फायरिंग की थी। नियमानुसार जेल के अंदर मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है। उसके बाद भी गोलीकांड के मुख्य आरोपी विश्वजीत अनंत का फोन में बातचीत करते हुए वीडियो बना लिया गया और क्षेत्र में दहशतगर्दी बरकरार रखने सोशल मीडिया में वायरल किया गया है। वीडियों वायरल होने के बाद जेल अधीक्षक ने मुलाकात कक्ष के प्रहरी को वहां से हटाकर खानापूर्ति कर दी है।

### 6 माह में 104 किमी ट्रैक रिन्युअल

**बिलासपुर।** एसईसीआर के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में 75 ट्रैक मशीन से रेल लाइन की सुरक्षा की जा रही है। इसके तहत पिछले 6 माह के दौरान 104 किलोमीटर ट्रैक रिन्युअल के अलावा 133 किलोमीटर ट्रैक में गिट्टी की छनाई, 96 टर्न आउट का रिन्युअल तथा 3600 किलोमीटर से अधिक प्लेन ट्रैक टैपिंग कार्य किया गया है। एसईसीआर में 5465 ट्रैक किलोमीटर रेल लाइन के साथ प्रतिदिन औसत लगभग 400 से भी अधिक ट्रेनों का परिचालन होता है। नए जरूरतों को देखते हुए रेलवे अत्यधिक आधुनिक मशीन का प्रयोग कर रहा है। इन अत्याधुनिक मशीन से रेल ट्रैक के रखरखाव से संबंधित कार्य किए जाते हैं। इसके अंतर्गत रेल लाइन का ट्रैक मशीन से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल से सितम्बर तक 6 माह में 104 किमी ट्रैक रिन्युअल किया गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 49 किमी की तुलना में 112 प्रतिशत अधिक है। 133 किमी ट्रैक में गिट्टी की छनाई करने के अलावा 96 टर्न आउट का रिन्युअल, 3462 किमी की प्लेन ट्रैक की टैपिंग का कार्य किया गया है। इस वित्तीय वर्ष में अलग-अलग तरह की 11 और मशीन रेलवे में आने वाली है।

**मरीजों को मिलेगी सुविधा**

**ट्राइएज, इमरजेंसी और कैजुवल्टी वार्ड सुधरा, 20 बेड के बर्न वार्ड में जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा**

# सिम्स के बर्न वार्ड की बदलेगी सूरत, जल्द होगा रिनोवेशन, सीपेज से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में एक साल के भीतर वार्डों का कायाकल्प हो रहा है, लगातार एक के बाद एक वार्ड संवारे जा रहे हैं, जिससे सिम्स का सूरत ए हाल दिन बद दिन बदल रहा है। ट्राइएज, इमरजेंसी के बाद अब बर्न वार्ड को भी संवारने का बीड़ा उठाया जा रहा है। प्रबंधन 20 बेड के बर्न वार्ड में जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराएगा।




बर्न वार्ड जैसे सबसे पुराने वार्ड में मरीजों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वेंटिलेशन की समस्या होने के कारण सीपेज और दुर्गंध मरीजों को सहनी पड़ती है। छत खराब होने के कारण बारिश के दिनों में सीपेज की समस्या भी आम बात है। जिसे लेकर सिम्स प्रबंधन बड़े कदम उठाने जा रहा है। स्वशासी समिति द्वारा जल्द ही बर्न वार्ड में निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा,अन्य वार्ड की तरह बर्न वार्ड का भी रिनोवेशन किया जाएगा। दरअसल बर्न वार्ड में 20 बेड के साथ संचालित किया जा रहा है। सर्जरी वार्ड के तहत यहां डाक्टर और नर्स की ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन असुविधाओं के चलते औसत 5 से 6 मरीज ही वार्ड में भर्ती रहते हैं। आए दिन होने वाली समस्याओं को देखते हुए बर्न वार्ड को नए सिरे से बनाया जाएगा।

### केन्द्रीय फंड से किया जाना था निर्माण

खास बात यह है कि बर्न यूनिट के लिए केन्द्र सरकार द्वारा फंड देने का प्रस्ताव बनाया गया था, प्रबंधन द्वारा इसके लिए पत्राचार भी किया गया लेकिन बाद में ना तो फंड आया और ना ही इसकी स्वीकृति मिल सकी। जिसके बाद से बर्न वार्ड को बर्न यूनिट और क्रिटिकल केयर में में तब्दील नहीं किया जा सका है। प्रबंधन ने बर्न वार्ड की समस्या को देखते हुए अन्य मदों से निर्माण कराने की बात कह रहा है।

### सभी वार्ड संवारे जाएंगे

धीरे-धीरे पिछले 6 से 8 माह में 3 वार्ड पूरी तरह से रिनोवेट हो चुके हैं। कैजुवल्टी, आपरेशन थिएटर, गायनिक, ट्राइएज और अब इमरजेंसी वार्ड भी रिनोवेट हो रहा है। इसके बाद बर्न वार्ड और अन्य वार्डों को संवारा जाएगा।

**-डॉ लखन सिंह,**
अधीक्षक, सिम्स अस्पताल

**कलेक्टोरेट रोड, लिंक रोड, व्यापार विहार रोड पर चलने की नहीं रहती जगह**

# ट्रैफिक पेट्रोलिंग बंद : नो पार्किंग में कतार से खड़े हो रहे वाहन, जाम में फंसकर लोग हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **ट्रैफिक पुलिस नहीं करती है कार्रवाई**

शहर में ट्रैफिक पेट्रोलिंग बंद होने से शहर के प्रमुख मार्गों में नो पार्किंग में कतार से वाहन खड़े हो रहे हैं, हालत यह है कि कलेक्टोरेट रोड, नेहरू चौक के आसपास, लिंक रोड, व्यापार विहार रोड सहित सभी प्रमुख सड़कों पर रह रहकर ट्रैफिक जाम होता है, लोग तेज धूप में जाम में फंसकर लोगों को हलाकान होते रहते हैं। दिन के अलावा रात में बाजारों की हालत और अधिक खराब हो जाती है।

ट्रैफिक पुलिस ने यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए शहर को चार जोन में बांटा था, चारों जोन में अलग अलग पेट्रोलिंग गाड़ी व लिफ्टर उपलब्ध कराए गए थे। पूर्व में ट्रैफिक पेट्रोलिंग पार्टी शहर में गश्त कर नो पार्किंग में खड़े होने वाले वाहनों को एनाउंस कर हटवाया करती थी। वहीं बेतरतीबी से खड़े वाहनों को लिफ्ट कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती थी, इससे व्यवस्था सुधरने लगी थी, लेकिन धीरे धीरे गश्त बंद हो गई। लंबे समय से शहर में ट्रैफिक पेट्रोलिंग पार्टी गश्त करते नजर नहीं आ रही है, नो पार्किंग में खड़े वाहनों को लिफ्ट भी नहीं किया जा रहा है। इसका नतीजा यह है कि एकबार फिर सड़कों के दोनों किनारों पर चार पहिया व दो पहिया वाहन खड़े नजर आ रहे हैं। इससे सड़कों पर चलने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



कलेक्टोरेट ब्रांच एसबीआई के सामने मुख्य सड़क पर खड़े वाहन।



नेहरू चौक के पास सड़क पर बिक रही कार।

### लिंक रोड, व्यापार विहार रोड की स्थिति खराब

शहर के लिंक रोड, व्यापार विहार रोड में भी नो पार्किंग में कतार से वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। इन सड़कों पर दिन के अलावा रात में भी चलने की जगह नहीं बचती। इसके अलावा सिटी कोतवाली में मल्टीलेवल पार्किंग बनने के बाद भी गोल बाजार में सड़क पर चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं। सरकंडा इलाके की हालत सबसे अधिक खराब है। यहां सीपत चौक से नूतन चौक तक अवैध पार्किंग के कारण वाहन चलाने की जगह नहीं बचती है।

### कलेक्टोरेट रोड अब भी जस की तस

कलेक्टर - एसपी आफिस के सामने सप्ताह में 4 दिन सोमवार से शुक्रवार तक सर्वाधिक ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल रहती है। सड़क के दोनों ओर कतार से नो पार्किंग में चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं। इस सड़क पर वाहनों की डबल लाइन रहती है, जिससे लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टोरेट के सामने आए दिन ट्रैफिकजाम की स्थिति निर्मित होती है।

### नेहरू चौक पर आटो वालों का कब्जा

सुबह से देर रात तक नेहरू चौक में पेट्रोल पंप से लकर स्टेट बैंक तक आटो वालों सड़क में कब्जा रहता है। कतार से वाहन खड़े होने व सवार बैठाने के लिए चालकों के द्वारा सड़क में खड़े होने से लगातार आवागमन बाधित होता रहता है। इसके अलावा सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। चौक में ट्रैफिक के जवान तैनात रहते हैं। उसके बाद भी आटो वालों को खदेड़ा नहीं जाता और न ही नो पार्किंग की कार्रवाई की जाती है।

### टाउनहाल के बगल में परेशानी

कलेक्टोरेट के सामने आए दिन ज्ञापन सौंपने वालों व घेराव करने वालों की भीड़ लगती है। इससे बचने के लिए नगर निगम के बगल से सड़क बनी हुई है। उक्त सड़क का लोग उपयोग कर आसानी से अपने गंत्वय तक जा सकते हैं। किन्तु उक्त संकरी सड़क के अगल बगल कतार से चार पहिया व बाइक खड़े रहते हैं। जिससे बाइक निकलने की भी जगह नहीं रहती है। ट्रैफिक पुलिस उक्त सड़क पर नो पार्किंग में खड़े होने वाले वाहनों पर कार्रवाई नहीं कर रही है।

### सख्ती से कार्रवाई हो रही

शह में नो पार्किंग पर खड़े होने वाले वाहनों पर लगातार सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टोरेट के पास भी कार्रवाई की जा रही है। उसके बाद भी लोग जागरूक नहीं हो रहे हैं और नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी कर रहे हैं। अब नो पार्किंग में खड़े होने वाले वाहनों पर व्हील लाक लगाया जाएगा।

**-रामगोपाल करियारे**, ट्रैफिक एडीशनल एसपी

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार



खगड़िया पेपर गैंग के गिरफ्तार आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **दपूमरे नागपुर मंडल, रेलवे सुरक्षा बल व जीआरपी की बड़ी कार्रवाई**

ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत यात्री सामान चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रेसुब नागपुर एवं जीआरपी इतवारी की संयुक्त कार्यवाही में अंतर्राज्यीय गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार 26 मार्च को 55189 इतवारी–छिंदवाड़ा पैसेंजर में यात्री के बैग से सोने-चांदी के आभूषण को चोरों ने पार कर दिया। करीब 2 लाख 44 हजार रूपए का सामान चोरी होने के बाद जीआरपी हरकत में आई। वहीं 16 फरवरी को इसी तरह 58206 ईतवारी–रायपुर पैसेंजर में भी एक यात्री के 2 लाख 20 हजार के ज्वेलरी की चोरी की गई थी। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चंद्र आर्य के निर्देशन में रेसुब नागपुर की टास्क टीम एवं डिकॉय टीमों का गठन किया गया। अपराध गुप्तचर शाखा द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं गुप्त निगरानी कर आरोपियों की तलाश जारी की गई । 11 अप्रैल को रेसुब टास्क टीम एवं जीआरपी ने संयुक्त कार्रवाई की और 3 संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सीसीटीवी फुटेज एवं पीड़ितों की पहचान के आधार पर उनकी संलिप्तता की पुष्टि की गई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वयं को अंतर्राज्यीय खगड़िया पेपर गैंग का सदस्य बताया है।

### ऊपर रखे बैग और सूटकेस की चोरी

पैसेंजर ट्रेनों में ऊपरी बर्थ पर रखे बैग एवं सूटकेस को गैंग आसानी से निशाना बनाता है। चोरी करने के लिए अखबार फैलाकर या बैग की आड़ में चेन खोलकर अंदर रखे कीमती सामान चोरी की जाती है और बाद में चेन बंद दिया जाता है। जिससे यात्रियों को तत्काल चोरी होने की जानकारी नहीं मिल पाती है। गिरोह का संचालक बिहार के खगड़िया क्षेत्र का निवासी है, भिलाई में रहकर गिरोह संचालित करता है।

# नकली सोने के जेवर के बदले असली जेवर लेने पहुंची महिला

**बिलासपुर।** एक महिला नकली सोने के जेवर के बदले असली जेवर लेने ज्वेलरी शाप पहुंच गई। दुकानदार के नकली सोने के जेवर पहचान लेने पर उक्त महिला भाग खड़ी हुई। पुलिस ने महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



कोतवाली पुलिस के अनुसार, तेलीपारा स्थित लीला ज्वेलरी के मैनेजर जलेश कुमार आहिरे पिता भरत आहिरे ने रिपोर्ट लिखाई। 10 अप्रैल की शाम 6 बजे वे अपने दुकान में थे। उसी समय एक महिला उनकी दुकान में आई। अपना नाम पूनम वर्मा बताते हुए एक जोड़ी सोने का टाप्स, अंगूठी दिखाकर कहा कि दोनों 18 कैरेट सोने के हैं, इसके बदले में दूसरे सोने के जेवर चाहिए। उन्होंने टाप्स व अंगूठी हाथ में रखा तो उन्हें हल्का व नकली लगा। वे अपने दुकान संचालक को नकली जेवर बदलने की जानकारी दे रहे थे। उनकी बातों को सुनकर महिला काउंटर से टाप्स, अंगूठी उठाकर उनके आंखो के सामने से ओझल हो गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पूनम वर्मा नामक महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 62 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी वाराणसी मंडवाडीह निवासी पूनम वर्मा उसके पति संजय वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

### पैसा भेजने का झांसा देकर 90 हजार की ठगी

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल का कर्मचारी बताकर तीन महिलाओं को मातृत्व वंदना का पैसा भेजने का झांसा देकर 88 हजार 400 रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, भेड़ीमुड़ा स्वास्थ मितानीन उमादेवी कश्यप को अज्ञात मोबाइल धारक ने फोन कर अपना परिचय देते हुए बताया कि वह जिला हास्पिटल से बोल रहा है। उसने झांसा देते हुए अलग अलग महिलाओं से 90 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली। पुलिस ने हितग्राही चंचल कश्यप की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 66 डी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# बीच सड़क पर बाइक खड़ी कर बनाई रील, सोशल मीडिया में किया वायरल



**बिलासपुर।** युवकों के हुजूम ने बीच सड़क पर बाइक खड़ी कर रील बनाया और उसे सोशल मीडिया वायरल कर दिया।

रील बनाने वाले युवक लालखदान के बताए जा रहे हैं। युवाओं द्वारा रील बनाने के दौरान उक्त मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया था और लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। तपती धूप में वाहन सवार जाम में फंसकर हलाकान होते रहे है। पूर्व में सड़क में केक काट कर बर्थडे मनाने वाले, चलती गाड़ी पर बैठकर, खिड़की से बाहर निकलकर, बाइक से सामने युवती को बैठाकर स्टंटबाजी करने वालों के खिलाफ पुलिस के द्वारा सख्ती से कार्रवाई की गई है। उसके बाद भी युवाओं का आम रास्ते में रील बनाने का जुनून खत्म नहीं होने का नाम ले रहा है।

### आरक्षक पर हुई थी कार्रवाई

पिछले दिनों मस्तूरी थाने के एक आरक्षक ने वर्दी में अपनी पत्नी के साथ डांस करते हुए रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया था। एसएसपी ने वर्दी में रील बनाने पर आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया था।

### कार्रवाई की जाएगी

सड़क पर युवाओं के द्वारा रील बनाने की जानकारी नहीं है। रील देखने के बाद युवाओं की पहचान कर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

**-रामगोपाल करियारे**
ट्रैफिक एडीशनल एसपी

### ट्रैक मेंटेनेरों को सायकल मेंटेंनेंस अलाउंस

**बिलासपुर।** रेलवे में काम करने वाले सभी ट्रैक मेंटेनरो को अब सायकल मेंटनेंस करने के लिए अलग से अलाउंस दिया जाएगा, जिसके लिए रेलवे बोर्ड ने सभी जोन मुख्यालय के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर को भी आदेश जारी किया है। ट्रैक में काम करने वाले ट्रैक मेंटेनरों को उनके कार्य स्थल पर आने-जाने के लिए सायकल मेंटेंनेंस अलाउंस दिया जाता है, जो बिलासपुर जोन में नहीं दिया जा रहा था। एसोसिएशन की मांग पर रेलवे बोर्ड ने संज्ञान लिया और सायकल मेंटेंनेंस अलाउंस दिए जाने के लिए महाप्रबंधक को पत्र लिखा था।

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# गांजा प्रकरण में फरार दो सगी बहनें गिरफ्तार
## 6 किलो गांजा और 6 लाख रुपए नकद जब्त

**बिलासपुर।** गांजा प्रकरण में फरार दो सगी बहनों को एसीसीयू टीम ने पकड़ लिया। उनके पास से 6 किलो गांजा, 5 लाख 98 हजार रुपए, कार, स्कूटी, मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों बहनों को गिरफ्तार कर लिया है।

कुछ माह पूर्व कोनी क्षेत्र में गांजा तस्करी करते तस्करों को पकड़ा गया था। उक्त मामले में जयरामनगर निवासी मानकी केंवट उर्फ विनता फरार चल रही थी। एसीसीयू टीम फरार गांजा तस्कर युवती के पतासाजी में जुटी हुई थी। सूचना मिली कि फरार युवती अपनी बहन के साथ सरकण्डा पाटलीपुत्र नगर में रह रही है और वहीं से गांजा की खरीदी बिक्री कर रही है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व एसीसीयू प्रभारी गोपाल सतपथी ने टीम ने साथ उसके घर में दबिश दी गई। घर के अंदर खड़ी कार व 2 स्कूटी की जांच करने पर गांजे की गंध आ रही थी, वहां से 6 किलो गांजा, 5 लाख 98 हजार 30 रुपए बिक्री रकम, दो मोबाइल, दो घड़ी मिली। घर से फरार तस्कर मानकी केंवट व उसकी बहन सुदामा केंवट उर्फ रानी को पकड़ लिया गया। उसकी बहन सुदामा केंवट पूर्व में गांजा तस्करी के मामले में कोटा थाने में पकड़ी गई और उक्त मामले में 3 साल जेल में रही है। टीम ने दोनों बहनों को कार्रवाई के लिए सरकण्डा पुलिस को सौंप दिया। सरकण्डा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनों बहनों को गिरफ्तार कर लिया है, साथ ही गांजा, वाहन व अन्य सामान जब्त कर लिया है।




गिरफ्तार आरोपी महिला।



आरोपियों से जब्त राशि सहित मोबाइल और अन्य सामग्री।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई,
18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411